

भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे रिक्शेवाली के लुक में.... पेज 7

# जय हिन्द जनाब

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



प्राधिकरण को 15 दिन का दिया समय और धरना किया स्थगित पेज 8

वर्ष : 18, अंक : 226 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) सोमवार, 17 अक्टूबर, 2022







## खास खबर

### कांग्रेस कैंडिडेट्स की लिस्ट आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के हिमाचल विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों की घोषणा आज हो सकती है। पार्टी 57 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर चुकी है, बस औपचारिक घोषणा बाकी है। 11 सीटों पर नाम तय होने हैं, जिनके आज फाइनल होने की उम्मीद है। इनमें से 6 टिकटों पर विवाद के चलते हाईकमान ने सर्वे दोबारा कराया है, जिसकी रिपोर्ट भी आ गई है। 5 कैंडिडेट हाईकमान की पसंद के होंगे। ऐसे में आज बचे हुए 11 उम्मीदवार फाइनल होते ही पार्टी सूची जारी कर देगी, इसकी उम्मीद जताई जा रही है।

### गोरखपुर और महाराजगंज में आईटी की रेड

**लखनऊ।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने गोरखपुर और महाराजगंज में एक बड़े कारोबारी परिवार के चार फर्मों पर एक साथ रेड की। इस दौरान टीम ने कई जरूरी कागजात को अपने कब्जे में लिया है। शनिवार शाम को शुरू हुआ सर्वे सोमवार को देर रात तक जारी रहा। इनकम टैक्स अफसरों के मुताबिक, सर्वे में काफी अधिक अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ है। फिलहाल टीम इसपर जांच कर रही है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को महाराजगंज के कोठीभार इलाके के सिसवा बाजार के कारोबारी सोमनाथ चौरसिया, राजेश चौरसिया और अविनाश कुमार चौरसिया की फर्मों पर गड़बड़ी की सूचना मिली थी। यह तीनों सगे भाई है।

# हेलिकॉप्टर क्रैश

## दो पायलट समेत सात की मौत

जय हिन्द संवाद

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग में मंगलवार को केदारनाथ से 2 किमी. दूर एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत सात लोगों की मौत हो गई है। हेलिकॉप्टर ने पाठा से उड़ान भरी थी और यह गरुड़चट्टी के पास क्रैश हो गया। इसमें श्रद्धालु सवार थे।

बताया जा रहा है कि हेलिकॉप्टर निजी कंपनी आर्यन हेली का था। ये उत्तरकाशी की कंपनी है। ये केदारनाथ में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को टूर पैकेज देती है। यह हादसा खराब मौसम के कारण हुआ है।

आशंका जताई जा रही है कि गुप्तकाशी से केदार घाटी की तरफ बढ़ने के दौरान यह हादसा हुआ होगा। वहां राहत और बचाव कार्य जारी है। बता दें कि दो दिन बाद पीएम मोदी का केदारनाथ और बद्रीनाथ में पीएम मोदी का दौरा है।

### प्राइवेट कंपनी का हेलिकॉप्टर था



हेलिकॉप्टर किस वजह से हादसे का शिकार हुआ है? अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। अभी इसे लेकर आधिकारिक तौर से कोई पुष्टि भी नहीं की गई है। इस बात की अब जांच होगी कि यह हादसा खराब मौसम की वजह से हुआ या फिर हेलिकॉप्टर में किसी तकनीकि खराबी की वजह से यह हादसा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया है कि केदारनाथ में पर्यटकों को फाटा से ले जाया जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। इस हादसे में बड़ा नुकसान हुआ है। प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य के लिए वहां गई है। एक मीडिया चैनल ने प्रत्यक्षदर्शी से बातचीत के दौरान बताया है कि वहां मौसम खराब था। वहां रह-रह कर बारिश हो रही है।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राज्य सरकार से किया संपर्क

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने हादसे पर दुख जताया है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि घटना का पता लगाने के लिए राज्य सरकार से संपर्क में है। सरकार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# 15 लोगों से भरी नाव गंगा में डूबी


- 10 लोग तैरकर बाहर आए, 6 अभी लापता
- एनडीआरएफ को बुलाया गया, तलाश जारी

जय हिन्द संवाद

**मेरठ।** हस्तिनापुर में मंगलवार सुबह गंगा में नाव डूबने से बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान 10 लोग किसी तरह तैरकर बाहर आ गए। वहीं 5 से 6 लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। हादसे का पता चलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पीएसी के गोताखोर भी भेजे गए हैं। मौके पर डीएम और एसएसपी भी पहुंच गए हैं।

मेरठ से 45 किमी. दूर यह हादसा हस्तिनापुर में गंगा नदी में हुआ। भीमकुंड पुल के पास मंगलवार सुबह 15 से 16 लोग नाव से दूसरी पार जा रहे थे। बताया गया है कि नाव गंगा के तेज बहाव में डूब गई। जहां 5 या 6 लापता बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पर एसपी देहात केशव कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं।

एसपी देहात केशव कुमार ने बताया कि बचाव के लिए पुलिस और पीएसी को लगाया गया है। जो लोग तैरकर बाहर आए हैं उन्होंने बताया कि हम 15 से 16 लोग थे। जिनमें 5 या 6 लोग नहीं मिल रहे। मौके पर हस्तिनापुर, मवाना थाना पुलिस भी पहुंच गई है। भीमकुंड गंगा घाट पर पुल का एप्रोच मार्ग टूट गया है। इससे गंगा उस पार जाने के लिए लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ता है। कुछ ऐसा ही मंगलवार सुबह भी हुआ। हादसे में जो लोग बच गए हैं, उनका कहना है कि एक नाव पर 15-16 लोग कुछ बाइक लेकर सवार हुए। गंगा उस पार जा रहे थे कि बीच में नाव का बैलेंस बिगड़ गया। थोड़ी ही देर में नाव में पानी भरने लगा और नाव डूब गई। किसी तरह 10 लोगों ने तैरकर जान बचाई।



### सीएम ने राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाव डूबने के हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही डीएम, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम को मौके पर जाकर रेस्क्यू कराने के निर्देश दिए हैं।

# पांच राज्यों के 40 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

### टेररिस्ट, स्मगलर्स और गैंगस्टर्स पर एक्शन, पटना में गजवा-ए-हिन्द से जुड़े दानिश के घर रेड

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** देशभर के 5 राज्यों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी चल रही है। यह छापेमारी दिल्ली, पटना, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़ और पंजाब के 40 ठिकानों पर की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भारत और विदेशों में स्थित आतंकवादियों, गैंगस्टर्स और ड्रग स्मगलर के उभरते नेक्सेस को खत्म करने के लिए यह रेड डाली गई है।

पटना के फुलवारी शरीफ में गजवा-ए-हिन्द से जुड़े मरगुब अहमद उर्फ दानिश के घर एनआईए ने रेड मारी। उसके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। दानिश की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। वह गजवा-ए-हिंद वॉट्सऐप ग्रुप का एडमिन है। हरियाणा के झज्जर में गैंगस्टर नरेश सेठी के ठिकाने पर एनआईए छापेमारी की। मंगलवार सुबह 4 बजे जांच एजेंसी पुलिस के साथ नरेश सेठी के घर पहुंची। सेठी की अवैध सम्पति और बैंक डिटेल को खंगाला गया। उनके घरवालों से भी पूछताछ की गई। गैंगस्टर सेठी हत्या, फिरौती समेत अन्य कई संगीन मामलों में शामिल रहा है।




## इलाहाबाद हाईकोर्ट से श्रीकांत त्यागी को मिली बड़ी राहत

# जमानत पर जेल से रिहा करने के आदेश

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने श्रीकांत त्यागी को जमानत पर जेल से रिहा किए जाने के आदेश दिए हैं। अदालत ने गैंगस्टर मामले में श्रीकांत त्यागी को जमानत दी है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद श्रीकांत त्यागी के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस सुरेंद्र सिंह की सिंगल बेंच ने श्रीकांत त्यागी की जमानत याचिका मंजूर की है।



श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज ही सुनवाई पूरी हुई थी। आज की सुनवाई में यूपी सरकार ने अपना हलफनामा दाखिल किया था। यूपी सरकार के जवाब पर श्रीकांत त्यागी की तरफ से भी दलीलें पेश की गई थीं। यूपी सरकार ने आज कोर्ट में श्रीकांत त्यागी की क्रिमिनल हिस्ट्री और गैंग चार्ट पेश किया गया। वहीं दूसरी ओर श्रीकांत त्यागी की तरफ से दलील दी गई कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और जो भी मुकदमे दर्ज हैं वह दुर्भावना से प्रेरित हैं। मालूम हो कि श्रीकांत त्यागी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें त्यागी एक महिला के साथ गाली-गलौच करता हुआ नजर आ रहा था। साथ ही उसपर महिला से हाथापाई करने का भी आरोप लगे थे। इसी दौरान त्यागी गाली-गलौज पर उतर आया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज हुआ।

### ज्ञानवापी से जुड़े एक केस की सुनवाई आज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी से जुड़े एक मुकदमे की सुनवाई आज वाराणसी की एसीजेएम 5वीं उज्ज्वल उपाध्याय की कोर्ट में होगी। यह ज्ञानवापी मामले को लेकर भड़काऊ बयान देने वाले नेताओं पर मुकदमे की मांग से संबंधित है।

# आज होने वाली भूखंडों की नीलामी स्थगित

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** प्राधिकरण की सफल आवासीय भूखंड योजना में ई-ऑक्शन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। इसके लिए ई-ऑक्शन के लिए आगामी तारीख व समय की सूचना पृथक से निर्गत की जाएगी।

मालूम हो कि प्राधिकरण ने पिछले महीने आवासीय भूखंडों की योजना निकाली थी। पिछली सात अक्टूबर को यह योजना बंद हो गई। 11 अक्टूबर से इसमें बोली लगनी थी। आवेदनों की ज्यादा तादात और सर्वर की कम क्षमता के चलते बोली लगाने की तारीख 11 से बढ़ाकर 18 अक्टूबर कर दी गई।

18 अक्टूबर यानि (कल) से बोली होनी है। लेकिन सर्वर साथ नहीं दे रहा है। प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग ने कल बोली कराने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। ओएसडी ज्योत्सना यादव और एजीएम एके सिंह समेत तमाम कर्मचारी छुट्टी के दिन शनिवार-रविवार में भी सिस्टम को दुरुस्त करने में जुटे रहे। आज शाम तक सर्वर और तकनीकी खामियां दूर नहीं हुई तो एक बार फिर प्राधिकरण को नीलामी की अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ सकती है। प्राधिकरण की सफल आवासीय भूखंड योजना में ई-ऑक्शन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है।

## - अर्ज है

**जनाब ...**

आखिर मिल गई त्यागी को जमानत : खबर

**जनाब-ए-आली**

धुल गई सांसद की सारी आफत!






**महंगाई:** त्योहारों का सीजन शुरू होते ही, बढ़ने लगी जनता की परेशानियां

# आसमान छू रहे सब्जियों के दाम

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सब्जियों ने आम आदमी का दम निकल दिया है। त्योहारों का सीजन शुरू होते ही, जनता की परेशानियां भी बढ़ने लगती है। लोगों का बजट बिगड़ने लगता है। क्योंकि इस दौरान चाहे फल हो या सब्जियां सब के दाम आसमान पर होते हैं और कुछ ऐसा ही हो रहा है दिल्ली एनसीआर में भी। दिल्ली से सटे नोएडा की बात करें तो यहां पर सब्जी और फलों के रेट में सफल स्टोर और फुटकर रेडी विक्रेता की सब्जी के रेट में जमीन आसमान का अंतर देखने को मिल रहा है साथ ही साथ सब्जी विक्रेता यह बताते हैं कि उनको पीछे से ही सब्जी महंगी मिल रही है और रही सही कसर बीते दिनों हुई लगातार बारिश ने पूरी कर दी खेतों में पड़ी हुई सब्जियां सड़ गई जो मंडी तक और आम जनता तक नहीं पहुंच पाए, इसीलिए उनकी कीमत इतनी बढ़ चुकी है।



दिल्ली-एनसीआर में बने सफल स्टोर्स की अगर बात करें तो यहां पर रेट को पूरी तरीके से कंट्रोल में रखा जाता है। फिर भी यहां पर सब्जियों और फलों के दाम आसमान छूते दिखाई दे रहे हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि बाहर रेडी पटरी पर मिल रही सब्जियां कितनी महंगी होंगी।

फुटकर विक्रेता सब्जी के बढ़े दामों के लिए बीते दिनों खराब मौसम को मानते हैं। सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक लगातार हुई बारिश के चलते खेत में पड़ी सब्जियां सड़ गई। जो आम जनता तक नहीं पहुंच पाई उन्हीं की शॉर्टेज के चलते मार्केट का यह हाल हुआ है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि साहिबाबाद में सबसे ज्यादा सब्जियों की खेती होती है और उसी से दिल्ली एनसीआर में ज्यादातर सब्जियां सप्लाई की जाती हैं। सब्जियों के लगातार बढ़ते दाम से आम जनता परेशान है और जूझ रही है। फिलहाल किसी तरीके का कोई भी राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है।

**सफल स्टोर के रेट**

| | |
|---|---|
| आलू- | 20 रुपए प्रतिकिलो |
| गोभी - | 98 रुपए प्रतिकिलो |
| बैंगन - | 75 रुपए प्रतिकिलो |
| टमाटर- | 56 रुपए प्रतिकिलो |
| मटर- | 200 रुपए किलो |

**फुटकर विक्रेताओं के रेट**

| | |
|---|---|
| आलू- | 25 से 30 रुपए प्रतिकिलो |
| गोभी- | 100 रुपए प्रतिकिलो |
| बैंगन- | 80 रुपए प्रतिकिलो |
| टमाटर- | 50 रुपए प्रतिकिलो |
| मटर- | 300 रुपए किलो |


हक से मांगो! PRIYAGOLD


**Breaking**

>> यूपीः डेंगू-मलेरिया के बढ़ते केसों को देखते हुए डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द की गई >> श्रीनगरः जम्मू कश्मीर के शोपियां में ग्रेनेड अटैक, यूपी के कन्नौज निवासी दो मजदूरों की मौत >> नई दिल्लीः हाई कोर्ट में उमर खालिद की जमानत याचिका पर आज सुनवाई >> एमपीः कटनी जिले में नदी में डूबने से 5 बच्चों की मौत

# भूमि अधिग्रहण की सहमति लगवाने में भी जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह बने सारथी

## 02 दिन में ही 50 प्रतिशत पहुंचा, किसानों की सहमति देने का आंकड़ा

जय हिन्द संवाद

**जेवर।** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जेवर में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के प्रभावित ग्राम कुरैव व नगला जहानु में किसानों के बीच पहुँचे, जहां ग्रामवासियों ने जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह का स्वागत किया।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि *卐आपका यह जोश और जज्बा, आगाज है उस बदलते जेवर का, जो दुनिया का अति विकसित क्षेत्र बनने जा रहा है। आज जेवर का नाम, जिस तरीके से पूरी दुनिया में



प्रसिद्ध हो रहा है, उसी प्रकार यहां के पढ़े लिखे नौजवान भी पूरी दुनिया में, जेवर का नाम रोशन करें, इसी मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।


जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्राम कुरैव में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि जेवर में बनने वाला नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, उत्तर भारत के विकास का एक माध्यम बनेगा। दुनिया में जेवर की एक अपनी अलग पहचान होगी तथा बहुत जल्द जेवर अतिविकसित शहर बनेगा। इससे पहले जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के प्रभावित ग्रामों के किसानों व अधिकारियों के साथ यमुना एक्सप्रेस वे के पास ग्राम फलैदा बांगर कट के पास चयनित किए गए विस्थापित स्थल का भी निरीक्षण किया। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के प्रभावित सभी ग्रामों के लगभग 611 किसानों ने अपनी जमीनों की सहमति जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह को सौंपी हैं। आज तक लगभग 3500 किसान, अपनी जमीनों की सहमति दे चुके हैं। आज शाम ग्राम रन्हेरा के लगभग कई दर्जन किसानों ने जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के आवास पर पहुंचकर, अपनी भूमियों के सहमति पत्र जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह को सौंपे।

# खो-खो में सिटी हार्ट अकादमी स्कूल रहा तृतीय



जय हिन्द संवाद

**दादरी।** नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन में गौतमबुद्ध नगर खो-खो एसोसिएशन द्वारा प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में 60 टीमो ने हिस्सा लिया। सब जूनियर बालक वर्ग में सिटी हार्ट अकादमी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का समापन सुशील राजपूत, डॉ आशुतोष रॉय व पप्पल गोश्वामी ने विजेता टीम को ट्रॉफी व मैडल देकर पुरस्कृत किया। सिटी हार्ट अकादमी स्कूल के रॉकी खारी को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड प्राप्त किया। स्कूल पहुँचने पर मॉर्निंग असेंबली में स्कूल की प्रधानाचार्य रुचि भाटी व डायरेक्टर संदीप भाटी ने सभी बच्चों व कोच मिंटू भाटी को सम्मानित किया, हार्दिक बधाई दी व सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी बच्चे व अध्यापकगण मौजूद रहे।




**नोएडा।** मासूम बच्चें को कुत्तों द्वारा हमला किए जाने पर सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 100 लोटस ब्लू वार्ड सोसाइटी में विरोध प्रदर्शन करते हुए। ( छाया : जय हिन्द जनाब )

# उमर खालिद की जमानत पर फैसला सुनाएगा

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसे शहर में फरवरी 2020 के दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में दो साल से अधिक समय से गिरफ्तार किया गया था।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने नौ सितंबर को याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।



खालिद ने तर्क दिया है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा में न तो उसकी आपराधिक भूमिका थी और न ही मामले के अन्य आरोपियों के साथ कोई साजिश रचने का संबंध था। उन्होंने प्रस्तुत किया है कि उनके खिलाफ अभियोजन पक्ष के मामले और फरवरी 2020 में उनके अमरावती भाषण का समर्थन करने के लिए कोई सामग्री नहीं है, जो उनके खिलाफ आरोपों का आधार बनती है, न केवल अहिंसा के लिए एक स्पष्ट आह्वान था, बल्कि हिंसा भी नहीं हुई थी। कहीं भी।

दि दिल्ली पुलिस ने खालिद की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया भाषण बहुत सोच-समझकर दिया गया था और बाबरी मस्जिद, तीन तलाक, कश्मीर, मुसलमानों के कथित दमन और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय जैसे मुद्दों को उठाया गया था। नागरिकों का रजिस्टर (एनआरसी)। एजेंसी ने तर्क दिया है कि दंगे दो चरणों में हुए, पहले 2019 में और फिर फरवरी 2020 में, और सड़कों की नाकेबंदी, पुलिस कर्मियों और अर्धसैनिक बलों पर हमले, गैर-मुस्लिम क्षेत्रों में हिंसा आदि के अलावा दंगों के दौरान गलत सूचना फैलाई गई। इसने तर्क दिया है कि मामले में विभिन्न अभियुक्तों द्वारा दिए गए भाषणों में एक सामान्य कारक है जिसका सार मुस्लिम आबादी में भय की भावना पैदा करना था। खालिद, शारजील इमाम, और कई अन्य लोगों पर आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत कथित तौर पर फरवरी 2020 के दंगों के मास्टरमाइंड होने के लिए मामला दर्ज किया गया है, जिसने 53 को छोड़ दिया था। लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हो गए। सीएए और एनआरसी के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी।हाई कोर्ट ने अप्रैल में खालिद की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। खालिद को दिल्ली पुलिस ने सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया था।खालिद के अलावा, कार्यकर्ता खालिद सैफी, जेएनयू के छात्र नताशा नरवाल और देवांगना कलिता, जामिया समन्वय समिति के सदस्य सफूरा जरगर, आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और कई अन्य लोगों पर भी मामले में कड़े कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# घाटमपुर में किसान की गला घोटकर हत्या, बाजरे के खेत में मिला रक्तरंजित शव

जय हिन्द संवाद

**कानपुर।** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणखेड़ा और देवली गांव के बीच मंगलवार सुबह किसान की हत्या करके रक्तरंजित शव बाजरे के खेत में फेंक दिया गया। उसके गर्दन में गमछे बंधा होने से गला घोटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। देवली गांव का रहने वाला किसान तीन दिन पहले घर से निकला था और लापता था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है।

देवली गांव निवासी 45 वर्षीय जगरूप यादव खेती करते थे। घर पर पत्नी गायत्री, बेटा 17 साल का अनिल और बेटी 15 साल की रिचा है। स्वजन ने बताया कि तीन दिन पहले जगरूप घर से गिरसी में रहने वाली मौसी के घर जाने की बात कहकर निकले थे। सोमवार की दोपहर गिरसी से गांव आने की बात कहकर निकले था। मंगलवार



सुबह उनका शव लक्ष्मणखेड़ा और देवली गांव के बीच बाजरे के खेत में रक्तरंजित हालत में पड़ा मिलने की जानकारी मिली। सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। चेहरे पर चोंट के निशान मिले हैं और गले में गमछा कसा हुआ था। इससे गला घोंटकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घाटमपुर एसओ रामबाबू सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है। शव के पास से जगरूप का टूटा चश्मा मिला है।

# बदले की आग में सब्बल से हमला कर की थी हत्या

जय हिन्द संवाद

**बांदा।** पशु आश्रय स्थल के चरवाहे की हत्या उसी के साथी चरवाहे ने दोपहर में नशे में हुई मारपीट का बदला लेने के लिए किया था। पुलिस हिरासत में आरोपित ने कबूल किया कि उसने सब्बल से सिर में कई बार हमलाकर उसे मौत के घाट उतारा है। एसओजी व थाने की पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर आला कत्ल सब्बल, कपड़े व मोबाइल फोन बरामद किया है। हालांकि लिखा-पढ़ी न होने से पुलिस अभी हत्यारोपित की गिरफ्तारी होना नहीं दिखा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

हमीरपुर जनपद के ग्राम कुनेहटा निवासी रामफल का 23 वर्षीय पुत्र भागवत उर्फ राज यहां पैलानी थाना के ग्राम अमलोर पशु आश्रय केंद्र में चरवाहे का काम करता था। शनिवार रात उसे काम पर लगवाने वाले महोबा निवासी दूसरे चरवाहे ओमप्रकाश ने सब्बल से सिर पर ताबड़-तोड़ करीब करीब छह से सात बार वार कर



हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद पंचायत भवन में शव को दरी से लपेटकर फरार हो गया था। बाद में 16 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े चार बजे हत्यारोपित चरवाहे ने खुद पंचायत मित्र को उसका शव मिलने की जानकारी दी थी।

एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ सदर गवेंद्र गौतम, एसओजी व थाने की पुलिस देररात तक घटना को सुलझाने में लगे रहे। पुलिस ने हत्यारोपित ओम प्रकाश साहू व तीसरे चरवाहे घसीटा निषाद निवासी रेंहुटा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। जिसमें घसीटा ने खुद को रात में अपने घर जाना बताया था। जबकि हत्यारोपित ने घटना करना स्वीकार किया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सब्बल व कपड़ों को पशु आश्रय स्थल से बरामद किया। दिवंगत का मोबाइल पुलिस को खेत से मिला है। हत्यारोपित ने यह भी बताया कि शराब के नशे में पहले दिन में उनका आपस में विवाद हुआ था। जिसमें राज ने उसकी पिटाई कर दी थी। इसी आक्रोश को लेकर रात में उसको मौत के घाट उतारा है। एएसपी ने बताया कि आला कत्ल बरामद कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के दिन तीनों चरवाहों ने सबसे पहले पशु आश्रय स्थल अमलोर में जुआ खेला था। जिसमें घसीटा निषाद करीब 6000 रुपये जीत गया था। जुआं जीतने के बाद तीनो ने शराब व अंडा की पार्टी की थी। जिसके लिए तीनो लोग गांव के क्योटरा से अवैध देशी शराब खरीदी थी। करीब नौ बजे रात को वह पशु आश्रय स्थल से पंचायत भवन को निकले थे। रास्ते में एक दुकान से उन्होंने माचिस बीड़ी खरीदी थी। घसीटा निषाद वहां से अपने घर रेहुंटा चला गया था। बाद में हत्यारोपित ने घटना की थी।

चरवाहे की हत्या के बाद जहां हत्यारोपित को पकड़ने के लिए पुलिस की कई तीन टीमें पर्दाफाश के लिए गठित रही हैं। वहीं सोमवार को एसडीएम पैलानी लाल सिंह यादव ने पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर थाना निरीक्षक नंदराम प्रजापति भी मौजूद रहे हैं। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने आसपास की स्थिति देखी है। दिवंगत चरवाहे राज के कुनेहटा गांव निवासी चाचा रामराज व चचेरे भाई ईश्वरदीन ने बताया कि उसकी किसी से रंजिश नहीं थी।

# नेशनल हाइवे पर देर रात कंटेनर व कैंटर में भिड़ंत एक की मौत पांच गंभीर

जय हिन्द संवाद

**अलीगढ़, ।** अकराबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर सेहौर बंबा के निकट देररात एटा की ओर से चावल लादकर अलीगढ़ की ओर जा रहे कंटेनर व अलीगढ़ की ओर से एटा की ओर जा रही आयशर कैंटर के बीच जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि गाड़ी मैं बैठे पांच अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

जनपद एटा के थाना मिरहची के गांव अचलपुर निवासी सलीम पुत्र गफूर के बेटे इमरान की आगामी 21 अक्टूबर को शादी है, जिसका दान दहेज का सामान आयशर कैंटर में भरकर अपने दूसरे घर जमालपुर अलीगढ लेकर आये थे। जहां से देररात वापस गांव जा रहे थे। उनकी गाड़ी जैसे ही देररात समय करीब 12 बजे सेहौर बंबा के निकट पहुंची तभी सामने से चावल लादकर आ रहे बंद बाडी कंटेनर से जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में कैंटर चालक अशोक पुत्र सोलन सिंह निवासी गांव सियापुर कासगंज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

कैंटर में बैठे सलीम, इमरान, इरफान, जुबैर, गब्बर, गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पनेठी चौकी इंचार्ज सुभाष मलिक फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ भेजा है। पुलिस ने मरने वाले कैंटर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चुरी भेजा।

# उधार के रुपये मांगने गई विधवा से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी ने लिए थे एक लाख रुपये

जय हिन्द संवाद

**अमरोहा।** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी विधवा महिला को घर में बंद करके दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। हल्का नंबर चार के गांव निवासी महिला का आरोप है कि करीब छह माह पूर्व गांव निवासी एक ग्रामीण ने बेटे की शादी के लिए एक लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीतने के बाद रुपये मांगने पर आरोपित टाल मटोल करने लगा।

सोमवार को सुबह करीब नौ बजे वह रुपये मांगने आरोपित के घर पहुंच गई। आरोप है कि रुपये देने के बहाने उन्हें कमरे के अंदर बुलाकर दरवाजा बंद कर लिया। कमरे के अंदर गृहस्वामी समेत



तीन लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान उसके कपड़े फट गए। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित का किया चालान

नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है।

थाना क्षेत्र की एक किशोरी को थाना चांदपुर क्षेत्र के रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने इस मामले में पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। सोमवार को फरार चल रहे आरोपित अनुज निवासी ग्राम हताई थाना चांदपुर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर उसका चालान किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# बर्थ-डे के बहाने पड़ोसी ने किशोरी को घर बुलाया, रातभर की दरिंदगी नग्न अवस्था में नदी के पास फेंका

जय हिन्द संवाद

**मेरठ।** बर्थ-डे पर दावत खिलाने के बाहने एक व्यक्ति ने अपने घर में बंधक बनाकर किशोरी से रातभर दरिंदगी की और बदहवास हालत में उसे नग्न अवस्था में काली नदी के पास फेंक दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भावनपुर थानाक्षेत्र के एक गांव का शादीशुदा 32 वर्षीय रवि का पड़ोसी के घर आना जाना था। उसके दो बच्चे भी है। रविवार रात रवि पड़ोसी की 13 वर्षीय बेटी को बर्थ-डे की दावत खिलाने का बहाने बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया। उस समय रवि के स्वजन रिश्तेदारी में गए हुए थे। किशोरी ने रवि के साथ जाने की जानकारी



स्वजन को नहीं दी थी। किशोरी के लापता होने पर रातभर स्वजन उसे तलाशते रहे। उधर, आरोपित रातभर किशोरी से दुष्कर्म करता रहा और सोमवार सुबह बदहवास हालत में किशोरी को नग्न अवस्था में काली नदी के समीप फेंक दिया। इतना ही नहीं रवि ने खुद फोन कर किशोरी के स्वजन को जानकारी दी। स्वजन ने किशोरी को नदी के पास से बरामद किया। पुलिस ने स्वजन को साथ लेकर जाकर किशोरी का प्राथमिक उपचार कराया।

# लखनऊ में सहकारी बैंक के खाते से जालसाजों ने उड़ाए 150 करोड़ रुपये, जांच में जुटी साइबर टीम

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** हजरतगंज में जिलाधिकारी आवास के पास स्थित सहकारी बैंक के खाते से जालसाजों ने करीब 150 करोड़ रुपये उड़ा दिए। मामले की जानकारी होते ही आलाधिकारियों के होश उड़ गए। उन्होंने आनन-फानन उच्चाधिकारियों को बताया। बैंक अधिकारियों ने मामले की जानकारी साइबर क्राइम मुख्यालय को दी। साइबर मुख्यालय के अधिकारियों के आदेश पर सोमवार को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पूरे मामले में बैंक कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। मामले की जांच के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम को लगाया गया है। यह रुपया कई खातों में ट्रांसफर हुआ है। जिसके बाद कुछ खाते की वह



इसकी तहरीर लेकर हजरगंज कोतवाली पहुंचे। जहां से बताया गया कि मामला साइबर फ्राड से जुड़ा है। इसका मुकदमा विभूतिखंड एसटीएफ बिल्डिंग स्थित साइबर थाने में दर्ज होगा। सोमवार को अधिकारियों ने इसकी तहरीर साइबर थाने में दी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। साइबर क्राइम मुख्यालय के निर्देश पर कई टीमें जांच के लिए लगाई गई हैं। साइबर थाने की टीम ने बैंक की बीते कई दिनों की सीसी फुटेज भी कब्जे में ले ली है। फुटेज के आधार पर भी संदिग्धों की एक टीम पड़ताल कर रही है। इसके अलावा भी साइबर टीम कई अन्य पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। सीसी फुटेज में पुलिस को कुछ अहम जानकारी मिली है।

# इस दिवाली 80 फ्लैट खरीदार अपने घर में जला सकेंगे खुशियों के दीप

## ग्रेनो प्राधिकरण की पहल पर ऑडिटोरियम में विशेष शिविर का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** इस दिवाली 80 फ्लैट खरीदार अपने घर में दिवाली मना सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे और इन खरीदारों के नाम तत्काल रजिस्ट्री हो गई।

फ्लैट खरीदारों के नाम शीघ्र रजिस्ट्री कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बिल्डर विभाग को विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में सोमवार को पहला शिविर लगाया गया। रजिस्ट्री विभाग के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस शिविर में 80 से अधिक फ्लैट खरीदारों ने रजिस्ट्री कराई, जिनमें आस्था, मिग्सन, गौड़ अतुल्यम, गौड़ सिटी समेत कई प्रोजेक्टों के फ्लैट खरीदार शामिल हैं। अगला शिविर आगामी बुधवार को प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में फिर लगाया जाएगा। प्राधिकरण व रजिस्ट्री विभाग की टीम शिविर में मौजूद रहेगी और मौके पर ही कागजात तैयार कराकर तत्काल रजिस्ट्री कराने में सहयोग करेगी। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने फ्लैट खरीदारों से इस शिविर का लाभ लेकर अपने फ्लैट की रजिस्ट्री कराने की अपील की है।



- **फ्लैट खरीदारों के नाम हुई रजिस्ट्री, आगामी बुधवार को फिर लगेगा शिविर**

## कार की टक्कर से ऑटो पलटा, सीआरपीएफ जवान सहित 6 घायल

**नोएडा।** महिला कार चालक ने सोमवार सुबह सेक्टर-47 में सवारियों से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया। हादसे में चालक सहित छह लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में चार सीआरपीएफ के जवान भी हैं।

सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सेक्टर-47 रेड लाइट के पास महिला तेज गति से कार चलाकर आई। इसी बीच वह कार पर नियंत्रण खो बैठी और सामने चल रहे ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ऑटो पलट गया। इससे ऑटो में सवार चालक सहित छह लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायल होने वाली सवारियों में चार सीआरपीएफ के जवान हैं। विपिन नाम के एक जवान की हालत गंभीर बनी हुई है।

## संस्कार भारती उत्तरी विभाग दीपावली मिलन



जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** उत्तरी विभाग संस्कार भारती का परिवार अग्रसेन भवन सेक्टर 5 रोहिणी में सायम 6 बजे 10 बजे तक संपन्न हुआ द्य नाट्य संगीत , चित्रकारी विधा की 14 प्रस्तुति हुई। प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष मान प्रभात कुमार सपरिवार पूर्ण समय उपस्थित रहे। मान अशोक तिवारी ने विषय रखते हुए कहा कि भारतीय जीवन मे कला स्वभाविक ही है द्य उन्होंने संस्कार भारत का ध्येय , काय, पद्धति को बहुत सरल एवं सटीक शब्दों मे प्रभावी एवं रुचि पूर्ण ढंग से रखा। 282 की संख्या रहीं। सभी जिलों से कलाकार एवं कलाप्रेमी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रांत महामंत्री भूपेंद्र कौशिक, वनवासी बालक, 2 जिलों के संघचालक, विभाग कार्यवाह, सह विभाग कार्यवाह, रोहिणी , बुराड़ी के जिला कार्यवाह , 3 नगर के संघ चालक , विभाग प्रचारक , सेविका समिति की उत्तरी विभाग कार्य वाहिका और 6 अन्य विधा के कलाकार , अनेक गण्यमान्य नागरिक सपरिवार पूर्ण समय उपस्थित रहे।



**गाजियाबाद।** अनामिका डागर को बधाई दी पंचम चौधरी गाजियाबाद जिले का नाम रोशन करने वाली निस्तौली ग्राम की गरीब किसान परिवार में जन्मी अपनी मेहनत के बल पर बिहार में जिला जज बनने वाली बेटी अनामिका डागर को उनके आवास पर जाकर सभी मित्रों के साथ उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी इस अवसर पर साहिबाबाद के पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन पंचम चौधरी सुनील चौधरी आलोक चौधरी कुलदीप चौधरी टीटू भाई उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाने के लिए साथ आयोजित की बैठक

**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए 17 अक्टूबर को दोपहर 1:00 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर में नामित मध्यस्थ अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा सभी मध्यस्थत अधिवक्तागण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी अधिवक्तागण से अधिक से अधिक वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कराये जाने में सहयोग किये जाने के लिये अपील गयी।

# आईएमएस में दीक्षारंभ का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में बीबीए प्रथम सत्र के छात्रों के लिए दीक्षारंभ का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर वक्ता पूर्व मेजर जनरल राजेश सहाय, कोटक महिंद्रा बैंक की वाइस प्रेसिडेंट मनमित पाल सिंह के साथ आईएमएस की डीन मेजर नुपुर गुप्ता ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी, बीबीए के एचओडी डॉ. जितिन गंभीर के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी।



विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मेजर नुपुर गुप्ता ने कहा कि भविष्य में राष्ट्र के विकास में आपकी भूमिका अतुलनीय होगी। आप अनुशासित, प्रतिबद्धता एवं दृढ़. निश्चित होकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे छात्र खुद में सकारात्मक बदलाव के साथ राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभएंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कुलनीत सूरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता की सीढ़ी भविष्य की योजना एवं समय प्रबंधन पर निर्भर है। आप नियमित समाचार पत्र पढ़ें एवं खुद को अपडेट रखें।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मेजर जनरल राजेश सहाय ने छात्रों के समक्ष अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि सफल बनने के लिए पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाए। जीवन में असफलता से सीख लें एवं पुनः तत्परता एवं दोगुने उत्साह से सफलता प्राप्ति के लिए तैयार रहें। उन्होंने छात्रों से जीवन में आशावादी बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान मनमित पाल सिंह ने विद्यार्थियों से बैंकिंग सेक्टर में रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा किया। दीक्षारंभ में डॉ. जितिन गंभीर ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए आप सभी योजनाबद्ध तरीके से हर दिन कुछ नया सीखने पर फोकस करें। उन्होंने छात्रों से खुद के लिए विश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना फेस वन पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 52 ताश के पत्ते, 4450 रुपए बरामद किए हैं।

थाना फेस वन के थाना प्रभारी यशपाल गिरी ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सेक्टर-10 में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से ताश के पत्ते एवं जुआ के 4450 रुपए बरामद किए हैं।

उन्होंने पकड़े गए जुआरियों के नाम कपिल पुत्र दिनेश निवासी समर विला स्कूल के पीछे सेक्टर 22 नोएडा, शेखर पुत्र राजाराम निवासी उपरोक्त ,सोनू पुत्र प्रेमशंकर निवासी पानी की टंकी के पास ग्राम मोरना, प्रमोद पुत्र रामवीर ,दीपक शर्मा पुत्र महेश चंद्र शर्मा निवासी डी118 सेक्टर 10 बताए हैं। पकड़े गए अभियुक्त दीवाली के मद्देनजर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे।

## सात वर्षों से लोगों की कर रही है सेवा

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** प्रतिभा किसी की मोहताज नही होती इस कहावत को चरितार्थ किया है। ग्रेटर नोएडा के गाँव बम्बाबड निवासी हरिश्चंद और गीता देवी की पुत्री रेनू ने जिन्होंने लोगों की सेवा करने को ही अपना जुनून बना लिया है। रेनू पिछले सात वर्षों से नर्सिंग स्टाफ का काम करते हुए लोगों की सेवा कर रही हैं। रेनू ने बताया कि मुझे मेडिकल लाइन में जाने की इच्छा बचपन से ही थी। गाँव मे जब लोगों को बात करते हुए सुनती थी तो वो कहते थे भगवान के बाद अगर कोई भगवान है तो वह डॉक्टर होता है। मुझे लगा कि मैं भी लोगों की सेवा करनी है। उसी दिन से मैं मेडिकल में जाने की बारे में सोचने लगी और ठान लिया कि मेडिकल में ही कैरियर बनाना है।आज जब लोग अच्छे होकर जाते हैं तो दिल को बहुत सुकून की अनुभूति होती है। पिता जी आर टी ओ में कार्यरत हैं और माता ग्रहणी हैं। डयूटी से आने के बाद घर के काम मे माँ के साथ खाना बनाना अच्छा लगता है। आगे भी मैं लोगों की सेवा करना चाहती हूँ।



**नोएडा।** भाकियू ने गहरे गड्ढों को लेकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौपते हुए।

## 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**नोएडा।** जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा। जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें लंबित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण के साथ-साथ आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का भी निस्तारण किया जाएगा।

## दादरी-मारीपत रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित 18 अक्टूबर से 19 तक मरम्मत होने के कारण रहेगा बंद

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि दादरी मारीपत रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे फाटक संख्या 148/सी पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप दिनांक 18 अक्टूबर 2022 सुबह 8 बजे से 19 अक्टूबर, 2022 की शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक फाटक बंद होने की अवधि के दौरान अन्य मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# रोटरी क्लब ग्रेटर नॉएडा ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

जय हिन्द संवाद

**दादरी।** क्लब अध्यक्ष विनय गुप्ता ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ओर ड़ा चौहान संजीवनी हॉस्पिटल गामा 1 के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जिसमें 27 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। ड़ा डी एस चौहान ने बताया की स्वस्थ मनुष्य एक वर्ष में 3 से 4 बार ब्लड डोनेट कर सकता हे ओर इससे शरीर में कोई कमजोरी नही आती हे। ब्लड डोनेट करने के 24 से 48 घंटे में शरीर में नया खून बन जाता हे। कैंप में विनय गुप्ता,कपिल शर्मा ,विकास गर्ग , शुभम गोयल , मुकुल गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे ।




# 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** विकास भवन के सभागार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की सदस्या कुमारी सैयद शहजादी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ चलाई जा रही केंद्रीय एवं राज्य स्तर की योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न।

अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज विकास भवन के सभागार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार (स्टेट्स कैबिनेट मिनिस्टर स्तर) की माननीय सदस्या कुमारी सैयद शहजादी की अध्यक्षता में केंद्रीय एवं राज्य स्तर की योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।




मा0 सदस्या के द्वारा सर्वप्रथम प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम की बिन्दुवार समीक्षा आरम्भ करते हुए, जनपद में स्थित अल्पसंख्यक संस्थाओं की जानकारी के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग से कस्तुरबा गाँधी विद्यालय एवं जनपद में कुल बेसिक स्तर के विद्यालयों एवं उनमें शिक्षा प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों की संख्या एवं केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाली प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की। कौशल विकास मिशन की समीक्षा करते हुये मा0 सदस्या को प्रिंसीपल आई0टी0आई0 एवं एम0आई0एस0 द्वारा बताया गया कि वर्तमान सत्र में मार्च से अब तक कुल 1040 छात्र/छात्राओं के द्वारा विभिन्न कोर्सज में रजिस्ट्रेशन कराया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष का लक्ष्य कुल 4000 प्रशिक्षार्थी को मिशन के अन्तर्गत कुल 19 कोर्सेज में प्रिशिक्षण प्रदान किया जाना है। लक्ष्य के सापेक्ष कुल रजिस्ट्रेशन कम होने पर मा0



## शातिर चोर गिरफ्तार, एक ऑटो बरामद

**नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का एक ऑटो बरामद किया है। बिसरख के थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मूर्ति गोल चक्कर के पास शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया। उसके पास एक ऑटो चोरी का दावा किया।

# दैनिक जय हिन्द जनाब

मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022


## युद्ध के मुहाने पर...

यों इस टकराव के सबसे गंभीर और संवेदनशील स्वरूप में पहुंचने के बावजूद यह उम्मीद बनी हुई थी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोशिशें जारी थीं कि किसी तरह यह जंग रुके और दोनों देशों के बीच सुलह हो। मगर बीते कुछ दिनों के घटनाक्रम से यह आशंका पैदा हो गई है कि यह युद्ध कहीं दुनिया के अन्य देशों के बीच भी न फैल जाए। गौरतलब है कि हाल ही में रूस के क्रीमिया पुल के एक हिस्से को तबाह कर दिया गया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव ने गंभीर शक्ल अख्तियार कर ली थी। उस हमले के बाद रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे और तभी इस बात की आशंका उभरी थी कि शायद हालात और बिगड़ें। इस बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस की निंदा करने से लेकर अन्य स्तर पर युद्ध खत्म कराने की कोशिशें जारी थीं। अब जो नया घटनाक्रम सामने आया है, वह न केवल यूक्रेन, बल्कि समूचे विश्व के लिहाज से चिंताजनक है। हाल में यूक्रेन ने नाटो में शामिल होने को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी, जिसके बाद नए वैश्विक समीकरण बनने की संभावना बनी। लेकिन नाटो की सुगबुगाहट के बाद रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का जो रुख सामने आया है, उसने दुनिया के तमाम देशों की चिंता बढ़ा दी है।

पुतिन ने साफ लहजे में कहा है कि अगर किसी भी मामले में रूसी सेना के साथ नाटो सैनिकों का सीधा संपर्क या फिर टकराव हुआ तो यह एक बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जो वैश्विक तबाही का कारण बन सकता है और मुझे उम्मीद है कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं, वे इतने समझदार हैं कि ऐसा कदम न उठाएं। रूस ने जिन हालात में और जो वजहें बता कर यूक्रेन पर हमला किया था, उसके मद्देनजर देखें तो अगर सचमुच नाटो सैन्य स्तर पर दखल देता है, तो युद्ध के भावी स्वरूप और त्रासदी की कल्पना की जा सकती है। खासकर पुतिन ने जिस भाषा में टकराव के नतीजों के बारे में चेतावनी दी है, उससे कई तरह की आशंकाएं खड़ी हो गई हैं। दरअसल, पुतिन पहले ही यह कह चुके हैं कि वे रूस को सुरक्षित रखने के लिए परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से भी नहीं हिचकेंगे। इसके बाद जी-7 देशों के समूह ने कहा था कि रूस की ओर से किसी भी तरह के रासायनिक, जैविक और परमाणु हथियारों का इस्तेमाल बेहद गंभीर हालात पैदा करेगा। यूक्रेन के अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों को रूस पहले ही अपने में मिला चुका है और अब भी वह पीछे हटने की मुद्रा में नहीं दिख रहा।दूसरी ओर, यूक्रेन कमजोर होने के बावजूद मोर्चा छोड़ने को तैयार नहीं है। अपनी स्थिति से वाकिफ होने के बावजूद वह जिस तरह अमेरिका और नाटो के सहयोग की ओर बढ़ रहा है, उससे युद्ध के नए मोर्चे बनने की आशंका है। अगर किन्हीं स्थितियों में नाटो के बीच में आने के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता है तो आखिरी तौर पर जीत चाहे जिसकी हो, मगर इससे होने वाली तबाही की भरपाई शायद कभी नहीं की जा सकेगी। समय रहते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस और यूक्रेन के इस युद्ध को रोकने की ठोस कोशिश करनी होगी, अन्यथा इसका हश्र इंसानियत के खिलाफ बेहद त्रासद हो सकता है।

# आज महंगाई, कल मंदी



उसके बाद वह नियंत्रण से बाहर हो जाती है और इससे आर्थिक संकट निश्चित है। श्रीलंका में आर्थिक संकट की शुरुआत बढ़ती महंगाई से ही हुई थी और उसका अंत विदेशी मुद्रा भंडार की समाप्ति पर हुआ। कुछ वैश्विक कारणों से भारत के घरेलू बाजार में भी महंगाई बढ़ सकती है, जिसमें अमेरिका की घरेलू आर्थिक नीतियां मुख्य वजह होंगी।

महंगाई आम आदमी के लिए एक ऐसी समस्या है, जिसका आर्थिक विशेषज्ञों और नीति निर्धारकों के पास कोई निश्चित हल नहीं है। इसके आर्थिक दुष्प्रभावों से बचने के लिए कुछ विकल्पों को सदा प्रयोग के तौर पर ही उपयोग किया जाता है, ताकि भविष्य में देश की एक अच्छी आर्थिक विकास दर का पूर्वानुमान लगाया जा सके। यह भी हकीकत है कि आम आदमी महंगाई की दरों से आतंकित तभी होता है जब लगातार महंगी होती चीजों का असर उसके व्यक्तिगत जीवन पर पड़ने लगता है। हर व्यक्ति अपनी आर्थिक आय का उपयोग मात्र दो उद्देश्यों के लिए करना चाहता है।

एक, अपनी क्रय क्षमता को निरंतर बढ़ाने के लिए और दूसरा, आर्थिक निवेश के लिए। चूंकि भारत एक विशाल जनसंख्या वाला देश है और यहां आर्थिक समस्याएं सामाजिक वातावरण में इस तरह घुल-मिल चुकी हैं कि आर्थिक निवेश, क्रय क्षमता के सामने सदा गौण रहता है। वैश्वीकरण और निजीकरण के इस युग में जहां बाजार नई-नई घरेलू चीजों से भरा पड़ा है, आम आदमी कैसे अपने आप को खरीदारी की दौड़ में नियंत्रित करे। शायद महंगाई की शुरुआत यहीं से होती है।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में महंगाई नकारात्मक रुख का प्रतीक है, क्योंकि इसकी मार समाज के सभी तबकों पर पड़ती है। इससे गरीब आदमी का गुजर-बसर मुश्किल हो जाता है, तो आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति के वित्तीय निवेश का मूल्य भी घट जाता है। सरकार के लिए भी यह एक आर्थिक परेशानी है, क्योंकि सामाजिक कल्याण योजनाओं पर वित्तीय खर्च बढ़ जाता है। महंगाई का कोई एक निश्चित कारक नहीं होता।इसमें कई चीजें आपस में अंतर्निहित हैं, जैसे पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में वृद्धि परिवहन लागत को बढ़ाती है, तो उससे अंततः फलों और सब्जियों के मूल्य बढ़ते हैं। विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के मूल्यों में भी बढ़ोतरी होती है। हालांकि इसमें मानसून से लेकर विभिन्न आर्थिक नीतियां भी शामिल होती हैं। देश में आर्थिक संकट तब गहन हो जाता है, जब बढ़ती महंगाई की दर से आर्थिक निवेश कम होने लगता है।

महंगाई की गणना भारत में थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर की जाती है। पिछले दिनों सरकार द्वारा थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के तहत सितंबर महीने में महंगाई की दर 10.7 फीसद थी। खाद्य पदार्थों में यह 11.3 फीसद, गेहूं में 16.09 फीसद, सब्जियों में 39.6 फीसद, फलों में 4.5 फीसद, दूध में 5.55 फीसद और आलू में 49 फीसद। जाहिर है कि बीते महीने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का थोक मूल्य हमारे समाज में लगातार बढ़ता रहा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) के हिसाब से देखें तो चालू वित्त वर्ष में यह दर लगातार बढ़ रही है। सितंबर में यह 7.41 फीसद रही।


चिंता की बात यह भी है कि इन दिनों त्योहारों का मौसम चल रहा है, जिसकी शुरुआत नवरात्रि में हुई। अब दिवाली का समय है तथा यह वर्ष के अंत तक चलेगा। इस दौरान हमारे समाज में खरीदारी करना एक शौक-सा बन गया है। घरेलू पदार्थों, इलेक्ट्रानिक, टेक्नोलाजी और वाहन आदि की मांग अत्यधिक रहती है। इससे निश्चित है कि इस त्योहारी मौसम में लगातार ऊपर जा रही महंगाई की दरों का आम आदमी की जेब पर बहुत असर पड़ने वाला है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी मार्च तक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई की दर आठ प्रतिशत के आसपास होने वाली है। आरबीआइ ने इस आर्थिक संकट का पूर्वानुमान लगाते हुए विभिन्न प्रकार के आर्थिक कदम उठाए हैं, जिनके तहत चालू वित्त वर्ष में अब तक चार दफा रेपो रेट बढ़ाया जा चुका है। इस संदर्भ में यह समझना भी अत्यंत आवश्यक है कि सन 2000 के दशक के शुरुआती दिनों में भारत में रेपो रेट दो अंकों के प्रतिशत में करता था और उसके बाद से लगातार इस दर में कमी होती रही। 2007 की वैश्विक मंदी के बाद से तो उसे लगभग चार फीसद के आसपास ही बरकरार रखा गया था, ताकि प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक आर्थिक तरलता बनी रहे। इसका फायदा भी भारत की अर्थव्यवस्था को हुआ, क्योंकि इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में भारत की कंपनियों ने खूब मुनाफे कमाए और उसके माध्यम से आर्थिक विकास ने एक अच्छी गति पकड़ी। वर्तमान समय में यह दर 5.90 प्रतिशत है, जिससे स्पष्ट होता है कि आर्थिक नीतियों में महंगाई दर को नियंत्रित करना एक मुख्य मुद्दा है।आने वाले समय में अमेरिकी फेडरल की तरह भारतीय बैंकों में भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है, ताकि उपभोक्ता आर्थिक निवेश की तरफ प्रोत्साहित हों। एक रिपोर्ट के मुताबिक रेपो रेट में पिछली दफा किए गए चालीस आधार अंकों की वृद्धि से भारतीय बाजार से तकरीबन सतासी हजार करोड़ रुपए की आर्थिक तरलता कम हुई थी, लेकिन उसके बावजूद महंगाई की दर में निरंतर वृद्धि होती रही है। यह एक आर्थिक चिंता का सबब बना हुआ है। लगातार बढ़ रही महंगाई सभी मुल्कों के लिए एक आर्थिक समस्या है, क्योंकि एक सीमा तक ही महंगाई पर नियंत्रण संभव होता है। उसके बाद वह नियंत्रण से बाहर हो जाती है और इससे आर्थिक संकट निश्चित है। श्रीलंका में आर्थिक संकट की शुरुआत बढ़ती महंगाई से ही हुई थी और उसका अंत विदेशी मुद्रा भंडार की समाप्ति पर हुआ। महंगाई से पैदा हुआ आर्थिक संकट तुर्की में भी देखा गया। कुछ इसी तरह का आर्थिक संकट इन दिनों पाकिस्तान में भी चल रहा है। विकासशील देश आयात पर अधिक निर्भर रहते हैं, इसलिए उनके लिए महंगाई एक ऐसा संकट है, जिसे समय रहते काबू में करना अत्यंत आवश्यक है। कुछ वैश्विक कारणों से भारत के घरेलू बाजार में महंगाई बढ़ सकती है, जिसमें अमेरिका की घरेलू आर्थिक नीतियां मुख्य वजह होंगी।इन दिनों अमेरिका अत्यधिक महंगाई से परेशान है। वहां पर इसकी दर आठ फीसद है, जो कि पिछले पचास वर्षों में सबसे अधिक है। इसी कारण चालू वित्त वर्ष में अमेरिकी फेडरल ने पांच दफा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है, जिसके परिणाम स्वरूप अमेरिकी डालर की तुलना में रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। भारत के विदेशी व्यापार में आयात अधिक होता है और रुपए के कमजोर होने से लगातार भारत में विदेशी वस्तुओं की खरीदारी की लागत बढ़ेगी और इसका प्रभाव घरेलू बाजार में महंगाई के आंकड़ों पर भी पड़ेगा। भारत अपनी आवश्यकता का अस्सी फीसद कच्चा तेल आयात करता है और उसका भुगतान डालर में किया जाता है, इससे तेल के मूल्यों में हुई बढ़ोतरी भी घरेलू बाजार में महंगाई को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ाएगी।

यहां पर एक बात समझ समझनी आवश्यक है कि आर्थिक विश्लेषण में महंगाई और मंदी को सदा सगी बहनों के रूप में देखना होता है। इन दोनों में महंगाई बड़ी बहन है, तो मंदी छोटी बहन। एक दफा अगर महंगाई की शुरुआत हो गई है, तो निश्चित रूप से आने वाले कुछ समय में मंदी उसका अनुसरण करेगी। जब महंगाई से प्रति व्यक्ति क्रय क्षमता कम होती चली जाएगी तो आर्थिक निवेश का मूल्य भी लगातार घटेगा।इससे आखिर में प्रत्येक व्यक्ति अपने भविष्य के प्रति अनिश्चित रहने लगेगा और उसका आर्थिक नीतियों से विश्वास हिलेगा।

## धर्म-कर्म

## राम की सौगंध खाकर राम से ही लड़ने चले हनुमान



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक?त श्री हनुमानजी के बारे में तो सभी जानते हैं। यह भी जानते हैं कि दशरथनंदन राम हनुमान के हृदय में बसते हैं। लेकिन क्या आपको यह पता है कि एक बार पवनसुत हनुमान श्रीराम जी से ही लड़ने पहुंच गए थे।

हो सकता है यह पढ़कर आपको हैरानी हो। लेकिन यह सत्य है और इस घटना का जिक्र श्रीराम कथा में भी सुनने और पढ़ने को मिलता है। लेकिन इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि पवनसुत जब श्रीराम से लड़ने के लिए तैयार हुए तो उन्होंने सौगंध भी मर्यादा पुरुषोत?तम की ही ली। आइए जानते हैं कि ऐसा क्या हुआ था कि श्रीराम के परम भक्त पवनसुत को उनसे युद्ध करना पड़ा?

कथा मिलती है कि एक बार सुमेरू पर्वत पर सभी संतों की सभा का आयोजन हुआ। कैवर्त देश के राज सुकंत भी उसी सभा में सभी संतों का आशीर्वाद लेने जा रहे थे। रास?ते में उन्हें देवर्षि नारद मिले। राजा सुकंत ने उन?हें प्रणाम किया। इसपर श्री नारद जी ने उन्हें आशीर्वाद देकर यात्रा का प्रयोजन पूछा। राजा सुकंत ने उन्हें संत सभा के आयोजन की बात बताई। इस पर नारदमुनि ने कहा अच?छा है संतों की सभा में जरूर जाना चाहिए। ऐसा कहकर सुकंत को जाने का आदेश दिया।

# आजकल साइबरक्राइम की घटनाएं बहुत ज्यादा बहुत ज्यादा घट रही है

निशिकांत ठाकुर

1-कुछ लोग आपके फोन पर बिजली बिल,ऑनलाइन खरीदारी, मोबाइल रिचार्ज,लोन , एवं बैंक में केवाईसी आदि के नाम पर आपके फोन में मैसेज भेजते हैं और जब आप वह मैसेज को ओके करते हैं या मैसेज में दिए गए नंबर पर कॉल करते हैं तो उनके द्वारा आपको एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है जब आप ऐप डाउनलोड करते हैं तो एक ओटीपी आपके मोबाइल पर आता है और जब वह ओटीपी आप शेयर करते हैं तो आपके अकाउंट से अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर ली जाती है। आजकल गूगल पर बैंक कुरियर, फ्लिपकार्ट ,अमेजॉन ,आदि ऑनलाइन शॉपिंग के फर्जी हेल्पलाइन बना हुआ है जब आप उस पर कॉल करते हैं तो वह आपको एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहता है एप डाउनलोड करने के बाद उनके द्वारा कहा जाता है कि आप 1 का रिचार्ज करें जब आप ही रिचार्ज करते हैं तो वह आपकी सारी जानकारी प्राप्त कर लेता है जिसके माध्यम से वह आपके बैंक अकाउंट से गलत तरीके से पैसे की निकासी कर लेता है

3 आजकल हनी ट्रैप की घटना बहुत ज्यादा हो रहे हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर से आपको मैसेज आता है जब आप उससे मैसेज चैट करना शुरू करते हैं तो सामने से एक खूबसूरत सी लड़की के द्वारा आपको वीडियो कॉल किया जाता है और उसके द्वारा आपको फोन पर उत्तेजित किया जाता है आप उनकी बातों में आकर अपनी सारी सीमा पार जाते हैं उस लड़की के द्वारा आपके विडियो कॉल का रिकॉर्डिंग किया जाता है उसके बाद आपसे उसके या उसके साथियों के द्वारा पैसा की मांग की जाती है जब आपके द्वारा पैसा नहीं दिया जाता है तो वह आपके फोटो को आपके रिश्तेदार हेलो फ्रेंड के फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप जैसे सोशल प्लेटफॉर्म पर आपके फोटो भेजने/आप लोड करने की धमकी देता है आप उनकी धमकी में ना फंसे।

अत: आपसे निवेदन है आप लोग सावधान और सतर्क रहें अपने दोस्तों रिश्तेदार को भी साईबर अपराध के बारे में बताएं और उसे भी सतर्क करें सावधानी ही बचाव है।

# अब नया सूरज निकलना चाहिए

अब लोग इतने अधिक व्यावहारिक हो गए हैं कि न आ पाने की खबर देते हैं और भूले-भटके उस शहर पहुंच भी जाएं या इलाके में जाना हुआ तो हाल पूछने चले जाते हैं। बच्चों से इस विषय पर निबंध लिखवाया जा सकता है कि 'मोबाइल के लाभ-हानि क्या हैं', लेकिन रिश्तों के पलड़े में मोबाइल ने रिश्तों को बहुत अधिक औपचारिक भी बना दिया है।

उन दिनों संयुक्त परिवारों का चलन था। किसी दिन घर पर ताला लगाने की नौबत आ जाती तो ताला-चाबी ढूंढ़ने से शुरुआत होती और न मिलने पर पास-पड़ोस में पूछा जाता कि किसी के यहां दरवाजे पर लगाने का ताला है क्या! अब हर घर बंद है, हर घर पर ताला है। हर रिश्ता तालाबंद हो गया है और उसे खोलने की चाबी किसी के पास नहीं है। पहले लोग अमर होने के लिए बड़े काम किया करते थे। बड़े काम एक दिन में नहीं होते, 'रोम एक दिन में नहीं बना था'। लेकिन उससे उन्हें क्या! वे हर दिन, हर क्षण सबके जेहन में बसे रहना चाहते हैं और इस तरह कि लोगों को उनसे रश्क हो कि इनका जीवन कितना सुखी है। जिसका जीवन सुखी होता है, उसे सबको बताते रहने की जरूरत नहीं होती कि मेरा जीवन इतना सुखी है। अगर आपको बताना पड़ रहा है तो पड़ताल करनी होगी कि क्या सचमुच आपका जीवन वास्तव में इतना सुखमय है या केवल दिखावा है! आपको जीवन का उन्नत मार्ग खोजना ही होगा और उन चीजों को देखना होगा जो आपके उस मार्ग में सही नहीं बैठ रही।

हो सकता है हम अपने जीवन में प्यार पाना चाहते हों या नया घर ही खरीदना चाहते हों और वैसा न हुआ हो। इसे देखने के दो नजरिए हैं। या तो हम सोचें कि जो अब तक नहीं हुआ, वह अब क्या होगा या हम यह भी सोच सकते हैं कि जो अब तक नहीं हुआ वह अब होकर रहेगा। बदलाव अपनी सोच को बदलने से आएगा। चलिए हम खुद से वादा करते हैं कि इस साल के जो चंद महीने अब बचे हैं, उन्हें जीवन के सबसे शानदार महीने बना लेते हैं। जाहिर है, रातोरात कुछ नहीं होने वाला।

लेकिन जिस क्षण हम ठान लेते हैं कि अब हम बदलाव चाहते हैं।


## बात ज्ञान की

**मुहम्मद साहब ने फरमाया है कि जो व्यक्ति कोई पौधा लगाता है या खेती करता है, उसमें से कोई पक्षी, मनुष्य या कोई भी प्राणी खाता है तो यह सब उस मनुष्य ( जो पौधा लगाता है या खेती करता है ) के पुण्य में गिना जाएगा।**

**- जो भी मनुष्य खजूर का पेड़ लगाएगा, तो पेड़ से जितने फल निकलेंगे, आह उसे उतनी ही नेकी देगा।**

## मजहब-ए-इस्लाम

## हजरत अली, इनका असली नाम है अली इंबे अबी तालिब



मुसलमानों के चौथे खलीफा के रूप में जाने जाते हैं हजरत अली, इनका असली नाम है अली इंबे अबी तालिब. आज हजरत अली का जन्मदिन है. आज के दिन सभी मुसलमान एक-दूसरे हजरत अली के जन्मदिन की बधाई देते हैं और उनके द्वारा कहे गए वचनों को याद करते हैं. हजरत अली लोगों को शांति और अमन का पैगाम दिया करते थे. वह आवाम तक अपने शद्बों से बताया करते थे कि इस्लाम कत्ल और भेदभाव करने के पक्ष में नहीं, अपने शत्रु से प्रेम करो इससे वो एक दिन मित्र बन जाएगा. उनका कहना है कि अत्याचार करने वाला ही नहीं उसमें सहायता करने वाला और अत्याचार से खुश होने वाला सभी अत्याचारी ही हैं.

हजरत अली के जन्मदिन के दिन इस्लाम धर्म से जुड़े लोग अपने घरों को सजाते हैं, सभी दोस्तों और परिवार वालों के साथ मिलकर दावत खाते हैं. साथ ही हजरत अली के किस्सों को एक-दूसरों को सुनाते हैं. इनका जन्मदिन सिर्फ भारत या पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मनाया जाता है. यहां जानें हजरत अली से जुड़ी कुछ बेहद ही खास बातें.

1. हजरत अली का जन्म सउदी अरब में स्थित मक्का शहर में हुआ. उनके पिता का नाम अबु तालिक और माता का नाम फातिमा बिंत असद था. और, वह मक्का मदीना में पैदा हुए एकलौते व्यक्ति हैं.
2. हजरत अली को पहला मुस्लिम वैज्ञानिक भी माना जाता है, क्योंकि वह आम लोगों पर विज्ञान से जुड़ी जानकारियों को बहुत ही रोचक ढंग से पहुंचाया करते थे.
3. हजरत अली सुन्नी समुदाय के आखिरी राशिदून और शिया समुदाय के पहले इमाम थे.
4. वह खाने में हमेशा जौ की रोटी और नमक या फिर दूध खाते थे.
5. नमाज़ के दौरान हजरत अली की हत्या की गई थी, बावजूद उसके उन्होंने अपने कातिल को माफ करने की बात कही।

## बच्चों की कहानी

## गुल्लु सियार का लालच



मल्लू और गल्लू सियार भाई-भाई थे। मल्लू सीधा-सादा और भोला था। वह बड़ा ही नेकदिल और दयावान था। दूसरी ओर गल्लू एक नम्बर का धूर्त और चालबाज सियार था। वह किसी भी भोले-भाले जानवर को अपनी चालाकी से बहलाकर उसका काम तमाम कर देता था।

एक दिन गल्लू सियार जंगल में घूम रहा था कि उसे रास्ते में एक चादर मिली। जाड़े के दिन नज़दीक थे इसीलिए उसने चादर को उठाकर रख लिया। उसके बाद वह घर की ओर चल दिया।

अगले दिन गल्लू सियार मल्लू के घर गया। ठण्ड की वजह से दरवाजा खोला लेकिन जैसे ही गल्लू अन्दर जाने लगा, तो मल्लू ने दरवाजा बन्द कर लिया। गल्लू को अपने भाई की यह हरकत बहुत बुरी लगी। उसे अपने भाई पर बड़ा क्रोध आया।

भाई के घर से आने के बाद गल्लू नहाने के लिए नदी पर गया। उसको देखकर बड़ा आश्चर्य हो रहा था कि आज सारे मोटे-मोटे जानवर बड़े बेफिक्र होकर बिना किसी डर के उसके पास से गुजर रहे थे। उसके पानी में घुसने से पहले जैसे ही चादर को उतारा, उसके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। सारे छोटे-मोटे जानवर अपनी-अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चारों ओर हाहाकार मच गया। गल्लू को लगा कि जरूर इस चादर का चमत्कार है। उसके मन में विचार आया कि कहीं यह जादुई तो नहीं। जिसको ओढ़ते ही वह अदृश्य हो जाता हो। तभी उसे याद आया कि मल्लू ने भी दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर दरवाजा खोला और एकाएक बन्द भी कर लिया, मानो दरवाजे पर कोई हो ही नहीं।

अब उसका शक यकीन में बदल गया और उसे मल्लू पर किसी तरह का क्रोध भी नहीं रहा। वह नहाकर जल्दी से जल्दी अपने भाई मल्लू सियार के पास पहुँचना चाहता था। अतः लम्बे डग भरता हुआ उसके घर जा पहुँचा। उसने मल्लू को वह चादर दिखाई और प्रसन्न होते हुए बोला --देखो भाई, इस जादुई चादर को ओढ़ते ही ओढ़ने वाला अदृश्य हो जाता है। मैंने सोच है कि क्यों न इसकी मदद से मैं जंगल के राजा को मारकर खुद जंगल का राजा बन जाऊँ। अगर तुम मेरा साथ दोगे तो मैं तुम्हें महामंत्री का पद दूंगा।

भाई गल्लू, मुझे महामंत्री पद का कोई लालच नहीं। यदि तुम मुझे राजा भी बना दोगे तो भी मैं नहीं बनूँगा क्योंकि अपने स्वामी से गद्दारी में नहीं कर सकता। मैं तो तुम्हें भी यही सलाह दूंगा कि तुम्हें इस चादर का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए।अपनी सलाह अपने पास ही रखो। मैं भी कितना मूर्ख हूँ जो इस काम में तुम्हारी सहायता लेने की सोच बैठा, गुस्से में भुनभुनाते हुए गल्लू सियार वहाँ से चला गया पर मल्लू सोच में डूब गया।अगर गल्लू जंगल का राजा बन बैठा तब तो अनर्थ हो जाएगा। एक सियार को जंगल का राजा बना देखकर पड़ोसी राजा हम पर आक्रमण कर देगा। शक्तिशाली राजा के अभाव में हम अवश्य ही हार जायेंगे और हमारी स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाएगी। यह सोच कर मल्लू सियार सिहर उठा और उसने मन ही मन गल्लू की चाल को असफल बनाने की एक योजना बना डाली।

# गोरखपुर को 300 करोड़ का प्री-दिवाली गिफ्ट देंगे सीएम योगी

## नगर निगम और जीडीए प्रोजेक्ट्स का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

जय हिन्द संवाद

**गोरखपुर।** दिवाली की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को दो दिन में तीन अरब रुपए के विकास कार्यों का प्री दिवाली गिफ्ट देंगे। सीएम मंगलवार को गोरखपुर नगर निगम परिसर में आयोजित समारोह में निगम की 215.97 करोड़ रुपए की लागत वाली 226 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

इसी समारोह में सीएम के हाथों गोरखपुर विकास प्राधिकरण के 62.84 करोड़ रुपए के 54 विकास कार्यों का भी शिलान्यास किया जाएगा। दिवाली के पहले दिए जा रहे विकास कार्यों के सौगात के क्रम में मुख्यमंत्री बुधवार को 2.12 करो? रुपए से बने नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के साथ 20.27 करोड रुपए की लागत वाली उनवल बाईपास सडक जनता को समर्पित करेंगे।

मंगलवार शाम करीब 4 बजे सीएम योगी गोरखपुर पहुंचेंगे। वे यहां नगर निगम परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निगम की 209.88 करोड़ रुपए की 188



विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और 6.09 करोड़ रुपए के 38 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही वह जीडीए के 62.84 करोड़ रुपए के 54 कार्यों का शिलान्यास करते हुए निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### इन प्रोजेक्ट्स को मिली मंजूरी

जीडीए के इन प्रस्तावित सड़क और नाली निर्माण कार्यों को त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत मंजूरी मिली है। जबकि लोकार्पण और शिलान्यास वाली नगर निगम की परियोजनाओं में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत सड़क, नाली निर्माण के साथ ही वार्डों में पार्षद वरीयता के कार्य, वार्डों में लाइट, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, वेस्ट मैनेजमेंट के लिए स्क्रम सेंटर निर्माण, नलकूप, मिनी नलकूप और पंप हाउसों के निर्माण कार्य शामिल हैं।

### पंचायत भवन और बाईपास का भी करेंगे लोकार्पण

बुधवार सुबह सीएम योगी नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल में नगर पंचायत के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। 29 जून 2017 में नगर पंचायत के गठन के साथ ही अब तक 149 विकास कार्यों के लिए इसे 12.85 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जा चुकी है।

नगर पंचायत भवन के उद्घाटन समारोह में सीएम योगी बहुप्रतीक्षित उनवल बाईपास का भी लोकार्पण करेंगे। 3.50 किमी लंबे उनवल बाईपास के निर्माण की लागत 20.27 करोड़ रुपए है। इस बाईपास के बन जाने से उनवल क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

### इस रूट पर रहेगा डायवर्जन

नगर निगम गोरखपुर में वीआईपी कार्यक्रम को लेकर शहर में रूट डायवर्जन भी रहेगा। सीएम के प्रोग्राम को लेकर दोहपर एक बजे से घोष कंपनी से जिला अस्पताल होते हुए शास्त्री चौराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

### यहां होगी पार्किंग

यह वाहन घोष कंपनी से टाउन हाल होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। वीआईपी कार्यक्रम में आने वाले सभी वाहनों की पार्किंग टाउन हॉल के मैदान में की जाएगी। टीपी नगर और बेतियाहाता की तरफ से वीआईपी कार्यक्रम में आने वाले वाहनों की पार्किंग पुराने चकबंदी कार्यालय और सेंट एंड्रयूज इंटर कॉलेज में की जाएगी।

## त्योहारों को लेकर जनपद की पुलिस सतर्क

# चलाया चेकिंग अभियान बाजारों में किया पैदल मार्च



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में पुलिस ने देर रात चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस का उद्देश्य है कि आगामी त्योहार में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो। इस दौरान आला अधिकारियों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया। साथ ही संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गई।

नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश पर सोमवार शाम को जिले के तीनों जोन के डीसीपी, एडीसीपी के नेतृत्व में अभियान चला। एसीपी व थाना प्रभारियों ने आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस फोर्स के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की तलाशी ली गई।

पुलिस कर्मियों ने आस पास के जनपदों के बॉर्डर पर मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से सभी वाहनों की तलाशी ली गई। साथ ही नियमों का पालन न करने वाले लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की। पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ मेट्रो स्टेशन, मॉल्स व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षाकर्मियों को चेक किया।

# दो शातिर लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने बाइक पर सवार होकर वाहन चोरी एवं चेन आदि स्नैचिंग करने की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई सोने की चैन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं चोरी की कार बरामद की है। साथ ही एक चाकू भी बरामद किया है। सेक्टर-49 के थाना प्रभारी यशपाल धामा ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने भाटी चौक बरौला से दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई सोने की चेन, एक बाइक, चाकू तथा चोरी की कार बरामद की है। उन्होंने पकड़े गए बदमाश के नाम रविंद्र कुमार पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम रनिया पुर थाना डेरापुर जिला कानपुर तथा जयप्रकाश पुत्र स्वर्गीय चरण सिंह निवासी फतेहपुर हाल पता ग्राम बरौला बताया है।

# हरियाणा के मुख्य सचिव ने 7 देशों में भारत के राजदूतों के साथ की अहम बैठक

## राजदूतों ने की हरियाणा की निवेश अनुकूल नीतियों की प्रशंसा

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विदेशी निवेश को आकृषित करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में विदेशों के साथ परस्पर सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने आज यहां 7 देशों में भारत के राजदूतों के साथ की एक अहम बैठक की। श्री कौशल ने राजदूतों को हरियाणा के सकल घरेलू उत्पाद, राजस्व संग्रहण, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, निवेश अनुकूल नीतियों, कौशल विकास तथा लॉजिस्टिक्स सुविधाओं इत्यादि के बारे में जानकारी दी। हरियाणा के समग्र दृष्टिकोण से प्रभावित होकर राजदूतों ने हरियाणा के साथ कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग हेतू दिलचस्पी दिखाई। इस बैठक में लाइबेरिया में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार यादव, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में भारत के राजदूत राम करण वर्मा,



चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत, इटली में भारत की राजदूत डॉ. नीना मल्होत्रा, पराग्वे में भारत के राजदूत श्री योगेश्वर सांगवान, डेनमार्क में भारत की राजदूत सुश्री पूजा कपूर, जाम्बिया में भारत के उच्चायुक्त अशोक कुमार शामिल हुए।

श्री कौशल ने बताया कि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के मामले में हरियाणा देश में दूसरे तथा उत्तर भारत में पहले नंबर पर है। दुनिया की 400 फॉर्च्यून कंपनियों के कार्यालय गुरुग्राम में स्थापित हैं।

देश के क्षेत्रफल का 1.34 प्रतिशत और 2.09 प्रतिशत जनसंख्या के बावजूद हरियाणा का देश के सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत योगदान है। वर्ष 2019 से प्रदेश में 5.22 बिलियन यूएस डॉलर का निवेश आया है।

# गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना फेस वन पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 किलो गांजा बरामद किया है।

थाना प्रभारी विरेशपाल गिरी ने बताया कि पुलिस ने शर्मा मार्केट के पार्क के पास से गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 2 किलो गांजा बरामद किया है। उन्होंने पकड़े गए अभियुक्त का नाम राम कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी जेजे कॉलोनी सेक्टर 8 बताया है। पकड़ा गया अभियुक्त आसपास के क्षेत्र में गांजे की पुड़िया बनाकर बेच रहा था।

# सुरक्षा गार्ड की कमरे से बंदूक चोरी

**नोएडा।** थाना फैस दो क्षेत्र के अंतर्गत भंगेल में किराए पर रहने वाले एक सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक चोरी हो गई। सिक्योरिटी गार्ड यूनियन बैंक में नौकरी करता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना फेज 2 के थाना प्रभारी परमहंस तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भंगेल में रहने वाले राजेश सिंह जोकि यूनियन बैंक में गार्ड की नौकरी करते हैं। उनके मकान से अज्ञात चोर रविवार की रात्रि में उनकी बंदूक चोरी कर ले गए। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड शराब पीकर कमरे में सोया हुआ था तभी उसकी बंदूक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए, पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# कनपटी पर पिस्टल लगा 50 लाख की रंगदारी मांगी

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर पी थ्री स्थित एक घर में घुसकर बाप-बेटे ने पीड़ित की कनपटी पर पिस्टल रखकर पचास लाख की रंगदारी मांगी है। रंगदारी नहीं देने पर मकान पर कब्जा करने और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाप बेटा समेत सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर पी थ्री में रविंद्र सिंह का आरोप है कि दस दिन पहले पवन सिंघल और उनका बेटा ऋतिक छह-सात लोगों के साथ उनके घर में घुस आए। आरोपी बाप-बेटे ने कनपटी पर पिस्टल तान दी और पचास लाख की मांग की। रकम नहीं देने पर घर पर कब्जा करने और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी हथियार लहराते हुए घर से चले गए। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार काफी सहमा हुआ है।

कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी बाप बेटा समेत सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि एक प्लॉट को लेकर इनके बीच कुछ विवाद चल रहा है।

# दलितों के प्रति कुलदीप की नफरत का सूद समेत जवाब देगी हरियाणा की जनता : चौधरी उदयभान

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा है कि बीजेपी सरकार दलित, पिछड़े और गरीब वर्गों को शिक्षा, आरक्षण व कल्याणकारी योजनाओं से वंचित करना चाहती है। हरियाणा की खट्टर सरकार ने सरकारी स्कूलों को बंद करके अपनी योजना पर अमल शुरू कर दिया है। अगर गलती से आदमपुर में बीजेपी जीती है तो वह वंचित वर्गों के बच्चों को शिक्षा देने वाले सरकारी स्कूलों को ताले लगाने का काम करेगी। लेकिन अगर यहां से कांग्रेस जीतेगी तो सरकार को बंद किए गए स्कूलों को भी फिर से



खोलना पड़ेगा और उनमें टीचर देने पड़ेंगे।

चौधरी उदयभान आज चंडीगढ़ में पत्रकारों से बात कर रहे थे। वो यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में मतदान करने आए थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा, तमाम वरिष्ठ नेता और पार्टी डेलीगेट्स भी मौजूद रहे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उदयभान ने कहा कि खट्टर सरकार ने क्रीमी लेयर की लिमिट 8 लाख से घटाकर 6 लाख रुपए करके और आय को परिवार पहचान पत्र से जोड़कर पिछड़े वर्ग के लाखों परिवारों का आरक्षण छीन लिया। इसी तरह पिछड़ों के बाद धीरे-धीरे दलितों का आरक्षण भी खत्म किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने याद दिलाया कि सत्ता में आते ही खट्टर सरकार ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार द्वारा चलाई गई 100-100 गज के प्लॉट आवंटन की योजना को बंद किया था। इस योजना के तहत दलित, पिछड़े व गरीब वर्ग के 4 लाख परिवारों को प्लॉट आवंटित किए गए थे और उन पर आवास बनाने के लिए लगभग 1-1 लाख रुपए की राशि दी गई थी। इसी तरह बीजेपी सरकार ने एससी कमीशन को भंग करने का भी काम किया। खट्टर सरकार को गरीबों का यह उत्थान कभी गवारा नहीं रहा। यही वजह है कि खट्टर सरकार ने स्कूलों में गरीब बच्चों को मिलने वाला वजीफा भी बंद कर दिया। यहां तक की गरीब बच्चों की छात्रवृत्ति में खट्टर सरकार के दौरान करोड़ों रुपए का घोटाला भी हुआ।

चौधरी उदयभान ने कहा कि बीजेपी की मूल विचारधारा ही दलित विरोधी है।

# फूल वालों की सैर 2022 में उत्तर प्रदेश को मिला द्वितीय पुरस्कार

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय एकता एवं साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से महरौली नई दिल्ली में आयोजित फूल वालों की सैर-2022 कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा पंखे स्टेज पर लगाने जाने वाले कार्यक्रम में भी उत्तर प्रदेश को उत्कृष्ट श्रेणी का पुरस्कार मिला। निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त निदेशक सूचना श्री भूपेंद्र सिंह यादव द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया गया। संयुक्त निदेशक सूचना द्वारा नई दिल्ली में प्राप्त पुरस्कार के प्रतीक चिन्ह को निदेशक सूचना को हस्तगत आज कराया गया। निदेशक सूचना श्री शिशिर ने सूचना विभाग की टीम को बधाई दी।

उल्लेखनीय हैं कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महरौली में फूल वालो की सैर-2022 कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, तमिलनाडू व अन्य राज्यों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उत्तर प्रदेश की ओर से सूचना विभाग के कलाकारों के द्वारा राष्ट्रीय एकता व सद्भाव पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति की गयी। उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक टीम बुलदेलखण्ड लोक कला संस्थान द्वारा बृज की फूलों की होली लोक नृत्य एवं बुलदेलखण्ड का राई नृत्य की प्रस्तुति की गई।

दिल्ली में हर साल फूलवालों की सैर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो भाईचारे का संदेश देता है. ये हमारे देश की मिली-जुली संस्कृति का प्रतीक है. इसे हर साल 'अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशां' नामक सोसायटी आयोजित करती है. यह आपसी सौहाद्र को बढ़ाने वाला आयोजन है क्योंकि इसे हिंदू-मुस्लिम मिलकर मनाते हैं और इसे लेकर दोनों समुदायों में एक जैसा उत्साह देखने को मिलता है।

15 राष्ट्रों में तैनात भारतीय राजदूतों ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट

कुशल-प्रशिक्षित युवाओं की विदेशों में है मांग, यूपी में तेज होंगे प्रयास- मुख्यमंत्री

फरवरी 2023 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सम्बंध में हुआ विचार-विमर्श

बोले राजदूत, दुनिया की खाद्य जरूरतों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है उत्तर प्रदेश

शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व है उत्तर प्रदेश का विकास, पर्यटन और स्टार्टअप को प्रोत्साहन के लिए ठोस प्रयास जरूरी

दुनिया भर के देशों में है कामगारों की कमी, कौशल हो तो नौकरी की कमी नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को 15 राष्ट्रों में तैनात भारत के राजदूतों ने भेंट की। विकास की दौड़ में पिछड़े 08 आकांक्षात्मक जनपदों के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का अवलोकन कर राजधानी आए इन वरिष्ठ राजनयिकों ने अपने भ्रमण के अनुभवों को मुख्यमंत्री से साझा किया और प्रदेश के विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए। राजदूतगणों ने आकांक्षात्मक जनपद बहराइच और फतेहपुर के अपने भ्रमण के अनुभवों को अविस्मरणीय बताया। वहां स्कूलों में बच्चों से बातचीत साफ-सफाई, गांव में अमृत सरोवर, लैंगिक समानता आदि के प्रयासों को सुखद बताया।

राजदूतगणों ने प्रदेश में बेहतर होती इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं, विद्यालयों के कायाकल्प, अमृत सरोवर, सुदढ़ कानून-व्यवस्था, उद्योग जगत को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों और निवेश अनुकूल माहौल की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के पैमाने पर राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की।

विदेशों में तैनात वरिष्ठ राजनयिकों का उत्तर प्रदेश आगमन पर अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राजदूत के रूप में यह सभी विदेशों में भारत के ब्रांड एम्बेसडर हैं। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर भारत की मजबूत स्थिति है, इसमें राजदूत गणों का अहम योगदान है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 25 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है। यह भारत का हृदय स्थल है। यह भारत की आध्यत्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का स्रोत है। यहां की उर्वर भूमि इस प्रदेश की समृद्धि का मूलाधार है।



# मेरठ की हवा देश में सबसे जहरीली

## केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड ने जारी की रैंकिंग

देश में सबसे जहरीली मेरठ की हवा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित शहरों की रैंकिंग जारी की गई। देश के 162 शहरों की सूची में मेरठ नंबर एक पर है। मेरठ की हवा सबसे जहरीली है। सोमवार को मेरठ का औसत AQI 399 रहा। शाम ढलते ही यह 345 पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा प्रदूषण गंगानगर में निकला। दिवाली पर ये प्रदूषण और बढने के आसार हैं।



**मेरठ में बढ़ते प्रदूषण के 5 बड़े कारण**

**1. अनलिमिटेड कंस्ट्रक्शन वर्क**

पूरे एनसीआर से लेकर मेरठ से सटे वेस्ट यूपी के जिलों में इस समय बेहिसाब निर्माण कार्य हो रहे हैं। प्रदूषण बढने का बडा कारण निर्माण कार्य हैं। ऊंची इमारतों के अलावा गंगा एक्सप्रेस वे, मेरठ मेट्रो, रैपिड रेल कॉरिडोर, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे सहित अन्य विकास परियोजनाओं पर काम हो रहा है। बहुमंजिला इमारतें भी तेजी से बन रही हैं। हवा में उडते सीमेंट, रेत के महीन कण वायुमंडल पर पीएम 2.5 की चादर बना लेते हैं। जो प्रदूषण का बडा कारण है।

**2. हैवी ट्रैफिक**

मेरठ में सड़कों पर बेतादात दौडते वाहन प्रदूषण का बडा कारण हैं। दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने वाहनों को चलाने पर प्रतिबंध है। ये प्रतिबंधित कंडम वाहन मेरठ की सडकों पर धडल्ले से दौड रहे हैं। जुगाड से लेकर खटारा बसों से उडता धुआं हवा में बैंजीन, सल्फर जैसे हानिकारक तत्व बढाकर उसे जानलेवा बना रहा है। वाहनों का लोड सडकों पर बढता ही जा रहा है।

**3. औद्योगिक ईकाईयां**

मेरठ एक बडा इंडस्ट्रियल हब है। यहां पेपर मिलों से लेकर सीमेंट फैक्ट्री, कांच, रबड, केमिकल, इंक, स्पोर्ट्स, टायर की बडी इकाईयां हैं। इंडस्ट्री की चिमनियों से निकलते धुएं के कारण हवा जहरीली हो रही है। फैक्ट्रियों में चलते जनरेटर, धधकती भट्टियों में रबड, टायर से लेकर पॉलीथिन तक भारी मात्रा में जलाई जा रही है। इससे निकलने वाला धुआं ही प्रदूषण का अहम कारण है।

**4.खेतों में अपशिष्ट जलना**

मेरठ और आसपास के जिलों में पराली जलाना शुरू हो चुका है। गेंहू की कटाई के वक्त निकलने वाला भूसा, धान की कटाई से निकलते भूसे से हवा में पीएम का स्तर बडता है। मेरठ देहात के इलाकों में कोल्हू चलना भी शुरू हो गया है। कोल्हू से धधकते धुएं से हवा में प्रदूषण बढता है।

**5. कम बरसात, हवा की धीमी रफ्तार**

इस बार मेरठ सहित पूरे इलाके में बहुत कम बारिश हुई है। अक्तूबर महीने में ही अभी 5 दिन अच्छी बरसात हुई। पूरा सीजन सूना चला गया। बारिश कम होने के कारण हवा में धूल, धुआं, मिट्टी की मोटी परत बनती जा रही है। जो प्रदूषण बना रही है। बरसात कम होने के अलावा प्रदूषण का बडा कारण हवा की धीमी रफ्तार है। हवा की धीमी रफ्तार होने से प्रदूषण वायुमंडल में ब्लॉक हो गया है। मेरठ के आसमान पर जमा प्रदूषण ही एक्यूआई बढा रहा है।

**यूपीपीसीबी ने धूल, धुआं बताया प्रदूषण का कारण**

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) द्वारा तैयार मेरठ सिटी क्लीन एयर एक्शन प्लान ने धूल, धुएं को मेरठ में प्रदूषण का प्रमुख कारण बताया है। 2020 में तैयार इस रिपोर्ट में मेरठ में प्रदूषण के लिए जिम्मेदार क्षेत्र और उनसे निकलने वाले प्रदूषकों का पूरा ब्योरा दर्ज है। इसी रिपोर्ट के आधार पर 2025 तक प्रदूषण नियंत्रित करने को काम चल रहा है।

**हॉट मिक्स प्लांट भी जिम्मेदार**

रिपोर्ट के अनुसार पीएम-10 और पीएम-2.5 के अलावा खतरनाक गैसों में शुमार सल्फरडाइ ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड और कॉर्बन मोनो ऑक्साइड के मुख्य एवं प्रमुख स्रोत उद्योग हैं। इसके बाद ईट-भट्ठों से सर्वाधिक एसओटू एवं एनओएक्स निकल रही है। केवल नाइट्रस ऑक्साइड के लिए उद्योगों के बाद इस प्रदूषक का सबसे बड़ा स्रोत वाहन हैं। खतरनाक पीएम-2.5 के लिए उद्योगों के बाद हॉट मिक्स प्लांट दूसरे नंबर पर हैं।

पर्यावरण वैज्ञानिक अविकल के अनुसार अगर सरकार के अलावा आम जनता प्रदूषण कम करने की सोचे तो हवा का जहर कम हो सकता है। अधिक पेड लगाएं। बिजली से चलने वाले उपकरण कम इस्तेमाल करें। सीएनजी वाहनों का प्रयोग करें। धुंआ फैलाने वाले ईंधन से बचें। कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण मानकों का ख्याल रखें। खेतों, जंगलों को ज्यादा से ज्यादा बचाएं। कंस्ट्रक्शन वर्क को ढककर करें।

**मॉर्निंग वॉकर्स, बुजुर्ग, सांस रोगी निशाने पर**

इस जहरीली हवा के निशाने पर मॉर्निंग वॉकर्स, बुजुर्ग, सांस और दिल के मरीज और बच्चों पर होगा। बच्चों को मास्क लगाकर स्कूल भेजें। बुजुर्ग, सांस और दिल के रोग भी मास्क लगाकर बाहर निकले। सुबह जल्दी और देर शाम बाहर निकलने से बचें। ब्रीदिंग व्यायाम करते रहें। धूल और धुएं वाली जगह पर जाने से बचें।

# सुजलॉन को अडाणी ग्रीन से मिला ऑर्डर

रिन्युएबल एनर्जी सर्विस प्रोवाइडर सुजलॉन ग्रुप को 48.3 मेगावाट विंड पावर प्रोजेक्ट को डेवलप करने का अडाणी ग्रीन एनर्जी से प्रोजेक्ट मिला है। सुजलॉन 23 यूनिट विंड टर्बाइन जेनरेटर लगाएगी। यह प्रोजेक्ट गुजरात के मांडवी में स्थित है, और इसके 2023 में चालू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि यह ऑर्डर अडाणी ग्रीन के पहले से मौजूद 226.8 मेगावाट के ऑर्डर के अतिरिक्त है जिसकी घोषणा 13 अगस्त को की गई थी।



सुजलॉन इस प्रोजेक्ट को सप्लाई, इंस्टालेशन और कमीशन करके एग्जीक्यूट करेगी। यह पोस्ट-कमीशन ऑपरेशन और मेंटेनेंस सर्विस भी ऑफर करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद मंगलवार को सुजलॉन के शेयरों में 4% से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है। ये सुबह कीब 11.30 बजे 35 पैसे बढ़कर 7.80 पर कारोबार कर रहा था। इसकी डे रेंज 7.55 से 7.90 की रही है। ये 7.65 रुपए पर ओपन हुआ था।

सुजलॉन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने कहा, हमें खुशी है कि अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने मांडवी, कच्छ, गुजरात में अपने विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए एडिशनल ऑर्डर के लिए हम पर भरोसा जताया। सुजलॉन ग्रुप के सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि सुजलॉन विंड टरबाइन में आमतौर पर 70-80 प्रतिशत घरेलू सामग्री होती है और भारत में मैन्युफैक्चर होती है, जो आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप है।

**1995 में बनी थी सुजलॉन एनर्जी**

तुलसी आर तांती का साल 1995 में कपड़े का व्यवसाय था। उन्होंने कपड़ा कंपनी की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए विंड एनर्जी प्रोडक्शन में कदम रखा था। इसी कारण तांती ने 1995 में ही सुजलॉन की स्थापना की थी। सुजलॉन ग्रुप का हेडक्वार्टर पुणे में है। इसकी उपस्थिति 17 देशों में है। तुलसी तांती का 1 अक्टूबर को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था।

**तांती की विरासत को आगे बढ़ाने को तैयार**

अश्विनी कुमार ने कहा कि इस कठिन समय में, कंपनी के अत्यधिक अनुभवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और सीनियर मैनेजमेंट तांती की विरासत को आगे बढ़ाने को पूरी तरह से कमिटेड है।

## हाईकोर्ट में पंजाब सरकार ने राशन की होम डिलीवरी सेवा देते समय राशन डिपू होलडरों के हितों का रखेंगी ध्यान

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य में पी. डी. एस. लाभार्थियों को राशन की होम डिलीवरी देने सम्बन्धी राज्य सरकार की पहलकदमी में संशोधन करने पर विचार करने का फैसला किया है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये खाद्य एवं सिवल सप्लायी विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि होम डिलीवरी सेवा में बदलाव को लागू करते समय फेयर प्रायस शॉप (दुकान) मालिकों सहित सार्वजनिक वितरण सप्लायी कड़ी के सभी भाईवालों के हितों को ध्यान में रखा जायेगा। यह निवेदन फेयर प्रायस शॉप ऐसोशीएशनों की तरफ से दायर सी. डब्ल्यू. पी. पर सुनवायी के दौरान स्टेट कौंसिल की तरफ से माननीय हाईकोर्ट के समक्ष पेश की गई थीं और भरोसा दिलाया गया था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट (एन. एफ. एस. ए) अनुसार राशन की होम डिलीवरी सेवा देते समय राशन डिपू होलडरों के जायज हितों को ध्यान में रखा जायेगा। राज्य के वकील के दावों के आधार पर माननीय हाई कोर्ट ने इस मामले पर मुकदमे का निपटारा कर दिया है।

# अगले 14 दिन में 9 दिन बंद रहेंगे बैंक

अक्टूबर महीना आधे से ज्यादा निकल चुका है। फेस्टिव सीजन के कारण महीने के शुरुआती दो हफ्तों में कई दिन बैंक बंद रहे। अगले 14 दिनों यानी 18 से 31 अक्टूबर के दौरान कुल 9 दिन बैंक बंद रहने वाले हैं। अगर आपको आने वाले दिनों में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है तो जल्द निपटा लें।

रिजर्व बैंक के हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार 17 अक्टूबर के बाद दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज सहित अन्य कई अवसरों पर बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, राज्यों और शहरों में बैंकों की छुट्टियां अलग-अलग होती हैं। कई राज्यों के वहां के स्थानीय प्रमुख त्योहारों पर ही बैंकों में अवकाश होता है। ऐसे में यहां देख लें कि आपके राज्य और शहर में बैंक कब-कब बंद रहेंगे।




**22 से 24 अक्टूबर तक बैंक बंद**

22 से 24 अक्टूबर तक सभी जगह बैंक बंद रहेंगे। 22 को चौथा शनिवार और 23 को रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। वहीं 24 अक्टूबर को दिवाली होने के चलते गंगटोक, हैदराबाद और इम्फाल को छोडकर सभी जगह बैंकों में कामकाज नहीं होगा। वहीं जयपुर में 25 अक्टूबर को भी बैंक बंद रहेंगे।

**दिवाली पर शेयर बाजार भी बंद**

भारतीय शेयर बाजार 24 अक्टूबर को दिवाली और 26 अक्टूबर को दिवाली बलिप्रतिपदा के कारण बंद रहेंगे। हालांकि दिवाली के दिन शेयर बाजार एक घंटे (शाम 6.15 से 7.15 बजे तक) के स्पेशल सेशन के लिए खुलेंगे। इस दिन एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग होगी।वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया का कारोबार 24 और 26 अक्टूबर को फर्स्ट हाफ (रात 9 से 5 बजे के बीच) बंद रहेगा। शनिवार और रविवार को भी बाजार बंद रहेंगे।

## आदमपुर में भव्य जीत के साथ ही क्षेत्र में बहेगी विकास की गंगाः डा. कमल गुप्ता



**हिसार।** हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा है कि आदमपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा—जजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई की जीत के साथ ही आदमपुर क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि हलके का विधायक बनने के बाद भव्य बिश्नोई पूरी संजीदगी से क्षेत्र की मांगे उठाएंगे और समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

डा. कमल गुप्ता सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आदमपुर के विकास के लिए समय—समय पर बजट जारी किया है। कुछ दिन पहले भी मुख्यमंत्री ने कुलदीप बिश्नोई की मांग पर अलग—अलग मदों के लिए 800 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इससे पहले आदमपुर में हुई रैली में भी उन्होंने विकास संबंधी अनेक घोषणाएं की थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ—सबका विकास के नारे के साथ काम कर रही है और यही कारण है कि आदमपुर क्षेत्र के लिए समय—समय पर बजट जारी किया है। उन्होंने कहा कि भव्य बिश्नोई के नामांकन के दिन से ही उनका प्रचार अभियान लगातार जोर पकड़ता जा रहा है और आए दिन बहुत से लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं।

डा. कमल गुप्ता ने कहा कि आदमपुर विधानसभा के 180 बूथों, 56 गांव व एक शहर में यह चुनाव है। हर बूथ तक हमारा कार्यकर्ता पहुंच चुका है और एक बार नहीं बल्कि 10—10 बार हमारा कार्यकर्ता वोटरों से संपर्क करेगा। इसके अलावा तीनों मंडलों आदमपुर, काजलां व बालसमंद की त्रिदेव बैठकें हो चुकी है और पन्ना प्रमुखों की ड्यूटियां निश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा अपने शासन में विकास कार्य करवाने की बात कहकर आदमपुर की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि जनता जानती है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आदमपुर क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं।

## बरोदा से शुरू हुई बदलाव की बयार आदमपुर में ले चुकी है तूफान का रूपः हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दावा किया है कि हरियाणा में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। बदलाव की जो बयार बरोदा से चलनी शुरू हुई थी वह आदमपुर पहुंचते-पहुंचते तूफान का रूप ले चुकी है। इस उपचुनाव में महज वोटिंग की औपचारिकता बाकी है। क्योंकि आदमपुर की जनता कांग्रेस को जिताने का मन बना चुकी है।

हुड्डा आज चंडीगढ़ में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में अपना वोट डालने पहुंचे थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा समेत तमाम वरिष्ठ नेता व डेलिगेट्स उनके साथ मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुड्डा ने कहा कि आदमपुर में बीजेपी-जेजेपी सरकार की स्थिति हास्यास्पद बनी हुई है। क्योंकि, साढ़े 8 साल सत्ता से दूर होने के बावजूद विपक्षी कांग्रेस तो आज भी अपने काम के नाम पर वोट मांग रही है। जबकि, सत्ता में विराजमान बीजेपी के पास बताने के लिए एक भी काम नहीं है। उपचुनाव में जुमलेबाजी और विकास के बीच मुकाबला होगा। इसमें निश्चित तौर पर विकास की जीत होगी।

# गुजरात में दिल्ली और पंजाब वाला इतिहास दोहराएंगेः भगवंत मान

उंझा (गुजरात)। गुजरात में आम आदमी पार्टी के हक में चल रही लहर का जिक्र करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज कहा कि आगामी विधान सभा मतदान में राज्य के आम लोग पिछले 27 सालों से सत्ता पर काबिज भाजपा का राजनैतिक किला ध्वस्त करके दिल्ली और पंजाब वाला इतिहास दोहराएंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के साथ लोगों के सामने होते हुए भगवंत मान ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी 27 सालों से गुजरात में सरकार चला रही है परन्तु यहाँ के लोग शिक्षा और सेहत जैसी आम सहूलतों को तरस रहे हैं। मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि अब राज्य की जनता जाग उठी है और आगामी विधान सभा मतदान में भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। इस राज्य में भी दिल्ली और पंजाब की तरह बदलाव की आँधी बह रही है। हम गुजरात समेत देश भर में झाडू के साथ राजनैतिक क्षेत्र में फैली गन्दगी साफ करेंगे।''




विरोधी पार्टियों की तरफ से लोगों को दिखाऐ जा रहे झूठे सपनों का जिक्र करते हुए भगवंत मान ने कहा, ''हमारे विरोधी अच्छे दिन लाने का झूठा वायदा करते हैं और दिन में सपने दिखाते हैं परन्तु आम आदमी पार्टी सच्चे दिन लाने की गारंटी देती है। समय-समय की सरकारें पाँच वर्षीय योजनाओं की आढ में लोगों को मूर्ख बनाती रही हैं जबकि हकीकत यह है कि लोग अभी भी मानक शिक्षा और सेहत सहूलतों से वंचित हैं क्योंकि यह लोग कभी भी नहीं चाहते कि गरीब का बच्चा अच्छी शिक्षा हासिल करके तरक्की करे।

आम लोगों के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार का नारा देते हुए भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में 117 विधान सभा हलकों में से 92 विधायक आम आदमी पार्टी के जीत कर आए हैं जो साधारण घरों के साथ सम्बन्ध रखते हैं। इन 92 विधायकों में से उनके सहित 82 विधायक पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में लोग सेवा के प्रति समर्पण भावना को योग्यता माना जाता है जबकि विरोधी पार्टियों में परिवारवाद और निजता को प्राथमिकता दी जाती है।

भगवंत मान ने कहा कि इसी तरह पिछले छह महीनों में अब तक 20 हजार से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरियाँ मुहैया करवायी गई हैं और कई विभागों में भर्ती जारी है। उन्होंने कहा कि एक विधायक-एक पैंशन का कानून पंजाब में लागू किया चुका है जिससे अब एक से अधिक बार विधायक चुने जाने पर भी एक पैंशन ही मिलती है।

शहीद सैनिकों की बेमिसाल बलिदान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में शहीद सैनिक के देश के प्रति महान योगदान के सम्मान में परिवार को एक करोड की राशि और एक मैंबर को सरकारी नौकरी दी जाती है जबकि इससे पहले सिलाई मशीनें ही दी जाती थीं।



## ‘दृश्यम 2‘ का ट्रेलर रिलीज



अजय देवगन स्टारर फिल्म ‘दृश्यम 2‘ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह 2015 में आई ‘दृश्यम‘ का सीक्वल है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद सफल रही थी जिसके बाद अब इसके दूसरे पार्ट से भी उतनी ही उम्मीदें की जा रही हैं। ‘दृश्यम 2‘ का ट्रेलर रिलीज सोमवार की दोपहर को गोवा में किया गया। फिल्म की कहानी पणजी बेस्ड है। ‘दृश्यम‘ के कलाकार ही सीक्वल में भी नजर आएंगे। इसमें अक्षय खन्ना की एंट्री हुई है। ट्विटर पर ‘दृश्यम 2‘ के ट्रेलर को लेकर जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। एक नजर डालते हैं यूजर क्या कह रहे। एक यूजर ने लिखा, ‘दृश्मय 2 का ट्रेलर अलग ही लेवल का है। रोंगटे खड़े हो गए।‘ एक यूजर ने लिखा, ‘मानो या ना मानो दृश्यम के लिए हाई लेवल का बज बन गया है।‘ एक ने कहा, ‘2022 की बहुप्रतीक्षित फिल्म आखिरकार आ रही है। 18 नवंबर का अब इंतजार नहीं हो रहा।‘ एक ने लिखा, ‘दृश्यम 2 का ट्रेलर कमाल का है।

7 साल बाद केस फिर से खुला है। मैं फिल्म को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।‘ एक अन्य लिखते हैं, ‘अजय देवगन जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाले हैं। ट्रेलर अमेजिंग है। बता दें कि फिल्म 18 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अन्य कलाकारों में तब्बू, श्रिया सरन, इशिता दत्ता और रजत कपूर हैं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है। ‘दृश्यम‘ का निर्देशन निशिकांत कामत ने किया था जिनकी मौत साल 2020 में हो गई थी।

# पुष्पा 2 के मेकर्स ने सेट से दिखाई पहली झलक





अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा द रूल का इंतजार किया जा रहा है। फिल्म का पहला पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रहा। जिसके बाद मेकर्स इसके सीक्वल में जुट गए हैं। अब मेकर्स ने फैन्स की उत्सुकता को और बढ़ाते हुए सेट से पहली तस्वीर शेयर की है। तस्वीर से साफ है कि शूटिंग की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। फैन्स तो एक्साइटेड हैं ही फिल्म की लीड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपनी खुशी जाहिर की और तस्वीर पर अपना रिएक्शन दिया है। मेकर्स ने जो तस्वीर शेयर की है वह बिहाइंड द कैमरा है जिसमें फिल्म की टीम को काम करते हुए देखा जा सकता है। मेकर्स ने संकेत दिए हैं कि फिल्म का काम पूरे जोरों पर है। इस तस्वीर पर अपना रिएक्शन देते हुए रश्मिका मंदाना ने लिखा, ‘देखो इसे, यह सब शुरू हो रहा है।‘ इसके साथ उन्होंने फायर और डांसिंग गर्ल का इमोजी बनाया। ‘पुष्पा द राइज’ में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका थी। हाल ही में ऐसी खबरें उड़ीं कि अर्जुन कपूर, फहाद फासिल को रिप्लेस करने वाले हैं। बाद में मेकर्स ने साफ कर दिया कि वो ऐसा कुछ भी नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने फिल्म में फहाद फासिल के होने की पुष्टि की और ऐसी खबरों को गलत बताया। बता दें ‘पुष्पा’ 17 दिसंबर 2021 को रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया। सीक्वल फिल्म के निर्देशक भी वहीं है। फिल्म मूलत तेलुगू में है। इसे हिंदी सहित दूसरी भाषाओं में रिलीज गिया गया था।


# भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे रिक्शेवाली के लुक में





आम्रपाली दुबे की दर्जनों अपकमिंग फिल्मों में से एक फिल्म विद्या का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। आम्रपाली ने इस फिल्म के पोस्टर के जरिए इस फिल्म में उनके फर्स्ट लुक की झलकी दिखाई है। आम्रपाली को इस नॉन ग्लैमरस लुक में देखकर उनके फैंस भी हैरान हैं लेकिन फैंस उनके इस अवतार पर भी प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। आम्रपाली दुबे की ये फिल्म महिला सशक्तिकरण पर बेस्ड है। फिल्म में उन्हें एक गरीब घर की लड़की होते हुए भी अपने दम पर जिंदगी जीने का साहस रखने वाली लड़की के रूप में दिखाया गया है। भोजपुरी इंडस्ट्री में चाहे ही बोल्ड कंसेप्ट पर बनने वाली फिल्मों को दबदबा रहा हो लेकिन अब इस इंडस्ट्री में फिल्म के प्लॉट को लेकर एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं। इंडस्ट्री फैंस भी अपने चहते सितारों को इस अंदाज में देखकर उत्साहित हैं। आम्रपाली के इस लुक पर बहुत से फैंस उन पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। एक फैन ने आम्रपाली के इस लुक को दिनेश लाल यादव की फिल्म ‘निरहुआ रिक्शवाला’ से इंस्पायर्ड बताया है। बहुत से फैंस आम्रपाली को इस फिल्म के लिए आर्शीवाद दे रहे हैं और उनकी अगली फिल्म ‘डोली सजाके रखना’ और बाकी फिल्मों की रिलीज डेट की जानकारी मांग रहे हैं। महिला सशक्तिकरण पर बेस्ड फिल्म ‘विद्या’ का निर्देशन इश्तियाक शेख बंटी ने किया है।

## एक्टिंग के लिए ओम पुरी ने छोड़ दी थी अच्छी-खासी नौकरी



दिवंगत बॉलीवुड एक्टर ओम पुरी की आज बर्थ एनिवर्सरी है। दिग्गज अभिनेता ओम पुरी का जन्म 18 अक्टूबर 1950 हरियाणा के अंबाला में हुआ था। ओम पुरी को अभिनय से प्यार था। इतना प्यार कि इस काम को करने के लिए उन्होंने अपनी अच्छी खासी असिस्टेंट लाइब्रेरियन की नौकरी छोड़ दी थी। ओम ने टीवी से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक पर अपनी छाप छोड़ी थी। ओम पुरी ने सिनेमा जगत में कई मिथक तोड़े और उनमें से सबसे बड़ा यह था कि फिल्मों में काम करने के लिए आपके पास एक खूबसूरत चेहरा और बहुत कसा हुआ शरीर होना चाहिए। ओम पुरी के चेहरे पर चेचक के दाग थे लेकिन जब वह कैमरे के सामने अभिनय करते थे तो देखने वाला सब कुछ भूल जाता था। ओम पुरी ने अपनी पढ़ाई पटियाला से की थी और फिल्मों में आने से पहले ओमपुरी सरकारी विभाग में क्लर्क थे। ओम पुरी को स्कूल के दिनों से ही एक्टिंग बहुत ज्यादा पसंद थी। वह पहले स्कूल और कॉलेज के फंक्शन्स में हिस्सा लिया करते थे और बाद में एक थिएटर ग्रुप का हिस्सा बन गए। ओमपुरी ने अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए कॉलेज के असिस्टेंट लाइब्रेरियन की नौकरी को छोड़ दिया था।


# करण जौहर के कॉफी हैंपर में होता है क्या-क्या महंगा सामान



कॉफी विद करण में हर बार उनके हैंपर पर हर सिलेब की नजर रहती है। इसके अंदर क्या होता है ये अब तक किसी को नहीं पता था। फाइनली करण जौहर ने खुलासा कर दिया है कि इस हैंपर में क्या-क्या है। रैपिड फायर राउंड के विनर को ये हैंपर दिया जाता रहा है। सिलेब्स ने कई बार पूछा लेकिन करण ने कभी ये राज नहीं खोला था कि हैंपर में क्या है। करण इतना बोलते थे कि इसमें काफी महंगी चीजें हैं।

अब करण ने हैंपर खोलकर दिखा दिया है कि हैंपर में क्या-क्या होता है। Disney+ Hotstar ने एक वीडियो शेयर किया है। इसमें करण जौहर इस हैंपर से पर्दा हटाते दिखे हैं। करण बोल रहे हैं, हम ऐसे पेश आते हैं जैसे कि हैंपर धरती का सबसे सम्मानित अवॉर्ड हो। करण ने यह भी बताया कि बॉक्स को उनकी दोस्त दीप्ति गोएनका और उनकी टीम ने डिजाइन किया है। बॉक्स में त्यानी जूलरी, मार्शल ऐक्शन II स्पीकर्स, ऑडी एसप्रेसो मोबाइल, ऐमजॉन इको शो 10, महंगी चाय, टी मेकर, चॉकलेट्स, तरह-तरह की मिठाइयां, कॉफी विद करण मग और चीजें होती हैं जो करण ने कैमरे पर नहीं दिखाईं। इसमें शैंपेन, मोबाइल फोन और परफ्यूम भी शामिल था। करण जौहर का शो साल 2000 में शुरू हुआ था। अब तक इसके 7 सीजन आ चुके हैं। हर बार की तरह उनके शो पर इस साल भी कई चटपटे खुलासे हुए। शो पर आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, सारा अली खान, जाह्नवी कपूर, करीना कपूर, आमिर खान, सामंथा प्रभु, अक्षय कुमार, विजय देवरकोंडा, अनन्या पांडे, कृति सैनन वगैरह उनके मेहमान थे। इस बार खास गेस्ट थीं शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान। जिन्हें बहुत कम ही किसी चैट शो पर देखा जाता है।

## वैशाली ने सुसाइड नोट में बताया क्यों दी जान



ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम वैशाली ठक्कर सुसाइड केस में अब राहुल नाम के शख्स का जिक्र आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट भी वायरल है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वैशाली ने मरने से पहले लिखा था। इसमें उन्होंने लिखा है कि वह किस मेंटल टॉर्चर से गुजर रही थीं। उन्होंने आत्महत्या का कदम उठाने के लिए अपने पेरेंट्स से माफी मांगी है। साथ ही लिखा है कि राहुल और दिशा ने उन्हें मेंटली टॉर्चर किया उन्हें सजा जरूर दिलवाई जाए। अपने मंगेतर मितेश से भी माफी मांगी है। लास्ट में I Quit लिखा है। वैशाली ठक्कर की आत्महत्या की खबर से हर कोई शॉक्ड है। उनकी मौत के बाद एसीपी मोती-उर-रहमान ने कहा था कि सुसाइड नोट से संकेत मिला है कि राहुल नाम का शख्स वैशाली को परेशान कर रहा था। अब सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट के पेजज वायरल हैं। रिपोर्ट्स हैं कि यह वैशाली ने ही लिखा था। इस नोट में लिखा है कि राहुल ने उनको मेंटली टॉर्चर किया जिसकी वजह से आत्महत्या करनी पड़ी। इस सुसाइड नोट में लिखा है, I quit maa। आई लव यू पापा मां। अगर मैं बुरी बेटी बन गई तो मुझे माफ कर देना। प्लीज राहुल और उसकी फैमिली को सजा जरूर दिलवाना। मुझे ढाई साल मेंटली टॉर्चर किया राहुल और दिशा ने। वर्ना मेरी आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। आपको मेरी कसम खुश रहना। मैं आपको बहुत प्यार करती हूं। मितेश से कहना मुझे माफ कर दे।

# दिवाली पर ब्लॉकबस्टर धमाका करेगी ‘थैंक गॉड‘





अजय देवगन, रकुल प्रीत और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म थैंक गॉड 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का ट्रेलर और इसके गाने पहले ही दर्शकों के बीच पॉपुलर हो चुके हैं और अब फैंस को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। आपको बता दें कि फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर हिट होने की पूरी-पूरी संभावना है। कई सारी चीजें ऐसी हैं जो पूरी तरह से फिल्म के फेवर में जा रही हैं। फिल्म के पक्ष में जा रही पहली चीज है इसको मिल रहा लंबा वीकेंड। फिल्म दिवाली के ठीक बाद गोवर्धन पूजा के दिन रिलीज हो रही है और अगले ही दिन भाई दूज पड़ रही है। इसके बाद फिर से शुक्रवार-शनिवार और रविवार पड़ जाएंगे। इस तरह फिल्म को एक लंबा वीकेंड मिलेगा। फेस्टिवल सीजन में लोग फैमिली मूवी देखना पसंद करते हैं। क्योंकि पूरा परिवार एक साथ होता है तो ऐसे में लोग साथ में फिल्म देखने जाना पसंद करते हैं। अब क्योंकि सबके साथ देखने लायक फिल्म बनाना है तो इसे थोड़ा एंटरटेनिंग रखना भी जरूरी होता है। ऐसे में फिल्म थैंक गॉड के साथ फेस्टिव सीजन और फैमिली मूवी, दोनों ही फैक्टर काम कर रहे हैं। फिल्म की स्टार कास्ट ऐसी है जिसकी अपनी फैन फॉलोइंग है। यानि एक बड़ी ऑडियंस ऐसी होगी जो शेरशार स्टार सिद्धार्थ मल्होत्रा, सिंघम स्टार अजय देवगन और नोरा फतेही व जैकलीन फर्नांडिस को देखने के चक्कर में ही टिकटें खरीद लेगी। लिहाजा फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर हर तरफ से फायदा मिलने की उम्मीद नजर आ रही है। बस फिल्म की कहानी अच्छी होनी चाहिए, क्योंकि ये एक चीज गलत होने पर सब गलत हो सकता है।




## तीनों प्राधिकरण के सीईओ और डीएम के साथ किसानों की हाईलेवल मीटिंग

# प्राधिकरण को 15 दिन का दिया समय और धरना किया स्थगित

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों और किसानों के बीच वार्ता हुई। यह वार्ता करीब 6 घंटे तक चली। जहां किसानों ने अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया है और धरने को स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि तीनों प्राधिकरण के खिलाफ किसान शुक्रवार से यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट पर धरने पर बैठे हुए हैं।

यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट पर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसान तीनों प्राधिकरण के खिलाफ पिछले 4 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं। सोमवार को तय कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में अधिकारियों की किसानों से वार्ता हुई। यह वार्ता करीब 6 घंटे तक चली और वार्ता सार्थक रही।

भारतीय किसान यूनियन के नेता मटरू नागर ने बताया कि किसानों और अधिकारियों के बीच वार्ता सार्थक रही और अधिकारियों ने किसानों की मांगों को पूरा करने के लिए 15 दिन का समय मांगा। किसानों ने उन्हें 15 दिन का समय दे दिया है और धरने को भी स्थगित कर दिया है। हर तीसरे दिन अलग-अलग प्राधिकरण से अलग-अलग मुद्दों को लेकर वार्ता की जाएगी। अधिकारियों ने 15 दिनों में किसानों की सभी मांगों को लेकर समय मांगा है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी,तीनों प्राधिकरण के सीईओ ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। किसानों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराया और अपनी मांगों को अधिकारियों के सामने रखा जिन पर अलग-अलग अधिकारियों ने अपने विचार-विचार रखे और किसानों से इन मांगों को पूरा करने के लिए 15 दिन का और समय मांगा। जिस पर सभी किसानों में सहमति बनी और उन्होंने कहा कि अभी हम धरने को स्थगित कर रहे हैं और अधिकारियों को 15 दिन का समय दे रहे हैं। किसान तीनों प्राधिकरण के खिलाफ बड़े हुए 64 प्रतिशत मुआवजे, आवासीय भूखण्ड, बड़ा हुआ मुआवजा, बेरोजगारो को रोजगार सहित कई अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए थे।

## सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान सहित 6 घायल

**नोएडा।** महिला कार चालक ने सोमवार सुबह सेक्टर-47 में सवारियों से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया। हादसे में चालक सहित छह लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में चार सीआरपीएफ के जवान भी हैं। सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह करीब सा? आठ बजे सेक्टर-47 रेड लाइट के पास महिला तेज गति से कार चलाकर आई। इसी बीच वह कार पर नियंत्रण खो बैठी और सामने चल रहे ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ऑटो पलट गया। इससे ऑटो में सवार चालक सहित छह लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायल होने वाली सवारियों में चार सीआरपीएफ के जवान हैं। विपिन नाम के एक जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

## संदिग्ध परिस्थिति में रिटायर्ड इंस्पेक्टर की पत्नी की मौत

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव के यामाहा विहार में एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर की पत्नी की सोमवार को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। मौत के कारणों का सही पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरौला गांव के यामाहा विहार कॉलोनी में रहने वाले वाली 57 वर्षीय विमलेश भाटी को उनके पति भीकम सिंह भाटी ने गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सेक्टर 50 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अस्पताल के डॉक्टरों ने लिखा है कि किसी अज्ञात पदार्थ के सेवन से उनकी मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। थाना सेक्टर-49 के थाना प्रभारी यशपाल धामा ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है, कि महिला ने जहरीला पदार्थ खाया था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना कासना क्षेत्र के अंतर्गत एशियन पेंट कंपनी के पास किराए के मकान में परिवार सहित रह रहे एक युवक ने अपने ही किराए के मकान में कुंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। थाना कासना के थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि सोमवार के करीब शाम 5ः00 बजे पुलिस को सूचना दी गई कि एशियन पेंट कंपनी के पास किराए पर रहने वाले एक 21 वर्षीय युवक ने कुंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने उसके शव को कुंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## नहीं रूक रहा कुत्तों का आतंक

# कुत्तों ने एक साल के बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** नोएडा की लोटस ब्लू वर्ड सोसाइटी में कुत्ते ने सोमवार शाम को एक साल के बच्चे अरविंद पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे का पेट फाड़ दिया था। इससे उसकी आंतें बाहर आ गई थी। सोसाइटी के लोगों ने नोएडा के यथार्थ अस्पताल में बच्चे को भर्ती कराया। यहां उसकी सर्जरी की गई। मगर बच्चे को बचाया जा नहीं जा सका। गुस्साए लोगों ने हंगामा भी किया। सोसाइटी के धर्मवीर यादव ने बताया कि सेक्टर-110 में राजेश अपनी पत्नी सपना के साथ रहता है। दंपती का एक साल का बच्चा है। सोमवार को सपना बच्चे को लेकर लोटूस बुलवर्ड सोसाइटी में गार्डन आई थी। इसी दौरान टावर- 30 के पास 3 कुत्तों ने बच्चे को घेर लिया।

जिस समय बच्चे को कुत्ते ने काटा, उस समय सपना वहीं थीं। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर वह उसकी ओर दौड़ी। तब तक कुत्तों ने बच्चे के शरीर को कई जगह से काट लिया था। उसके शरीर से खून निकल रहा था। किस तरह बच्चे को छुड़ाया गया। फिर उसको अस्पताल लाया गया। सोसाइटी में रहने वाले एक शख्स बताते हैं कि कुछ दिन पहले ही कुत्तों को नगर निगम ने स्टरलाइज किया था। इसके बाद वापस यही लाकर छोड़ दिया गया। अगर स्टरलाइज डॉग यही लाकर छोड़ दिए गए तो समस्या का समाधान कहां हुआ। यही वजह है कि अब हम घर से बाहर बच्चों को जाने नहीं दे रहे हैं।

सोसाइटी निवासी विनोद शर्मा ने बताया कि तीन सालों से इन कुत्तों से परेशान है। दो महीने में कुत्ते काटने की घटना हो ही जाती है। लोग आते हैं, कुत्तों को खाना खिलाते हैं। अब ये आदमखोर हो चुके हैं। नोएडा प्राधिकरण भी इन कुत्तों को पकड़ने नहीं आती है। कुछ दिन पहले कुत्तों की नसबंदी की गई। इसके बाद यही दोबारा छोड़ दिया गया।

■ पेट फाड़ दिया, आंतें बाहर आ गईं, नोएडा में मां के सामने हुई घटना

## रिटायर्ड आईपीएस की पत्नी से ठगे आठ लाख

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** ठगों ने रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी की पत्नी के साथ 8 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने बीमा पॉलिसी की रकम दिलाने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़िता की तरफ से संबंधित कंपनी के मैनेजर सहित सात आरोपियों के खिलाफ सेक्टर 20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में रीमा एलेक्स डेनियल ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 19 में रहती है। रीमा के पति रिटायर्ड आईपीएस है। महिला का कहना है कि पीएनबी मेट लाइफ में उनकी बीमा पॉलिसी है। साइबर ठगों ने उनसे संपर्क किया। ठगों ने उनसे उनके बीमे की रकम वापस दिलाने की बात की। आरोप है कि ठगों ने कई बारी में उनसे अपने खाते में करीब आठ लाख रुपये ट्रांसफर करा लिये। जब महिला को ठगी का पता चला तो पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरसी शर्मा, मैनजर विक्रम चौहान, रजित राम, एजेंट संदीप, सुधीर गौड़, सुरेश कुमार और राकेश सिरोही के खिलाफ धोखाधड़ी सहित आईटी एक्ट में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने विभिन्न पहलुओं के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना बीटा-2 पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बाइक चला रहे एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बाइक चला रहा था। थाना बीटा-2 के थाना प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि पुलिस ने नट की मढैया गोल चक्कर के पास बाइक पर सवार एक युवक को रोकने का प्रयास किया। वह बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। थाना प्रभारी पकड़े गए शातिर वाहन चोर का नाम मनीष पुत्र पहलाद निवासी नट की मंडीया ग्रेटर नोएडा बताया है। पकड़ा गया अभियुक्त चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसे चला रहा था।

## एनटीपीसी से प्रभावित महिलाओं ने भरी हुंकार

### किसान नेता सुखवीर खलीफा के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** एनटीपीसी दादरी से प्रभावित महिला किसानों ने भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में हुंकार भरते हुए विशाल महिला महापंचायतयत के लिए जिलाधिकारी के नाम से ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट ग्रेटर नोएडा को सौंपा वहीं एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा विशाल पाण्डेय को एनटीपीसी की घातक नीतियों के खिलाफ ज्ञापन दिया गया । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा लगातार महिला महापंचायत को सफल बनाने के लिये गाँवों में महिलाओं की नुक्कड़ पंचायत कर रहे हैं।

संगठन के मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि अबकी बार तानाशाही एनटीपीसी को घेरने की पुरी तैयारी है। जीत की मशाल युवा शक्ति को जागरूक करने के लिए गाँव गाँव जा रही है।

जो युवा शक्ति मशाल के सामने संकल्प ले रहे हैं, की अबकी बार अपना हक लिये बिना नही जाने वाले हैं। 31 अक्टूबर को मजबूती की साथ आन्दोलन के लिए सभी युवा शक्ति व मातृशक्ति तैयार है। जीत की मशाल विजय रथ के माध्यम से व ढोल नगाड़ों तथाडीजे के साथ जीत की मशाल का आगमन ऐतिहासिक आदर्श ग्राम सीधीपुर की पवित्र धरा पर आगाज हुआ। इस दौरान सुखबीर खलीफा ने विजय रथ पर बैठकर पुरे गाँव में आन्दोलन लिए जनजागरण अभियान चलाया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा के साथ फेलिक्स पॉलीक्लीनिक शुरू

### चेयरमैन डॉ. डीके गुप्ता और निर्देशक डॉ रश्मि गुप्ता ने किया उद्घाटन

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** एबीसी मार्केट सेक्टर-135 नोएडा में सोमवार को फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डी के गुप्ता और निर्देशक डॉ रश्मि गुप्ता ने फेलिक्स हॉस्पिटल पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन किया। पॉलीक्लीनिक में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध रहेगी। फिजीसियन डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, टेक्नीशियन की तैनाती रहेगी। एंबुलेंस सहित अन्य चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध रहेगी। बीपी एवं शुगर की जांचें के साथ सैंपल कलेक्शन और अन्य जांच के साथ डॉक्टरों द्वारा सलाह दी जाएगी। पॉली क्लीनिक के माध्यम से होम केयर सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

डॉ डीके गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर मरीजों को स्वस्थ करने में अपनी मेहनत और पूरा अनुभव लगा देता है। खुद की जान की परवाह न करते हुए मरीजों को बचाना ही सबसे पहली प्राथमिकता होती है। समाज के सभी वर्गों के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में हर प्रकार की सुविधा पहंचाने के लिए फेलिक्स अस्पताल प्रतिबद्ध है। मरीजों को उच्च कोटि की सेवा देना हमारा मूल लक्ष्य है। मरीजों को हर सुविधा देना ही अस्पताल प्रबंधन का प्राथमिक लक्ष्य है, इसके लिए हर तरह से संसाधनों को पूरा किया जा रहा है। अस्पताल आकर मरीज को बेहतर इलाज, दवा और सुविधा मिले। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन हर प्रयास कर रहा है।

## चलती कार में स्टंट करने का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेसवे पर दो युवकों द्वारा कार में स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कई यूजर ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दो युवक सफेद रंग की कार में नजर आ रहे हैं। दोनों चलती हुई कार की खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट कर रहे हैं। कुछ ही देर में वीडियो ट्विटर सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। यूजर ने दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# पीएम ने जारी किए किसानों के लिए 15 हजार करोड़: कामेश्वर

जय हिन्द संवाद




भाजपाईयों ने देखा पीएम का लाइव प्रोग्राम

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर के द्वारा सेक्टर-115 गांव सोरखा में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोहित शर्मा के आवास पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सम्मेलन में देश के 8 करोड़ किसानों को 12वी किस्त की राशि 16 हजार करोड़ रुपए की धनराशि सीधे किसानों के खाते में जारी किया गया। जिसका लाइव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तेजा गुर्जर , किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह , प्रदेश कार्यकरणी सदस्य यतेंद्र नागर, किसान मोर्चा के क्षेत्रिय कार्यकारणी सदस्य भरत भाटी उपस्थित रहे।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों और किसान भाइयों को संबोधित करते हुए कहां कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जब से देश में बनी है, तब से ही किसानों के हक की बात होती है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि, किसान हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं की शुरूआत की जिससे देश के किसान भाइयों की आमदनी में बढ़ोतरी हो। प्रधानमंत्री ने दिवाली से पहले भारत के किसान भाइयों के घर में खुशियों की सौगात के रूप में 12वीं किस्त जारी करके दिया।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मुक्तानंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष इंद्राज खटाना, मूलचंद्र प्रधान, रोहित शर्मा, सतपाल अवाना, सर्वेश कुमार सिंह, विजय अवाना, अनिल मास्टर, जिला कोषाध्यक्ष चरण सिंह प्रधान, कार्यालय प्रभारी अभय त्यागी, कार्यकारणी सदस्य अशोक यादव, भागवत दयाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा पंकज झा, किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री बबलू यादव, लीलू अवाना, प्रवीण तोमर, विक्रम शर्मा, राजकरण यादव , उदयराम यादव, सूखा शर्मा, सतीश शर्मा, राहुल शर्मा, नानक वर्मा, रगबार वर्मा, सुरेंद्र यादव, उदयपाल प्रधान आदि मौजूद रहे।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मोहम्मद इमरान द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक मोहम्मद आजाद (RNI No. : UPHIN/05/14445), ( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा ) फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com